26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 14 दिसम्बर, 2025

अंक- 51 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पंकज चौधरी बने यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष

## विनोद तावड़े और पीयूष गोयल ने की घोषणा, सीएम योगी रहे मौजूद

नई दिल्ली ( चिंगारी )। श्री पंकज चौधरी के रूप में यूपी भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने उनके नाम की घोषणा की। हालांकि शनिवार को एकमात्र नामांकन होने की वजह से पहले ही उनके नाम पर औपचारिक मुहर लग गई थी। लखनऊ के राम मनोहर लोहिया विवि कैंपस के सभागार में इसकी घोषणा की गई। केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रदेश चुनाव अधिकारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने पंकज चौधरी की जीत की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री ( संगठन ) धर्मपाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

### चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे

प्रदेश भाजपा के 17वें अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वाले चौधरी कुर्मी बिरादरी से चौथे अध्यक्ष होंगे। इससे पहले विनय कटियार, ओम प्रकाश सिंह और स्वतंत्रदेव सिंह भी इसी बिरादरी से अध्यक्ष रह चुके हैं।

# एसआईआर के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

## दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई 'वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली




नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने आज दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी रैली की। इस महारैली को 'वोट चोर गद्दी छोड़' का नाम दिया गया। पिछले कई दिनों से कांग्रेस पार्टी रैली की तैयारियों में लगी थी। आज देशभर से कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बताया कि महारैली में हर बूथ से कार्यकर्ता पहुंचे। महारैली के मद्देनजर सुरक्षा के पुखता इंतजाम किए गए हैं। समाचार दिये जाने तक रैली में लोगों के आने का सिलसिला जारी था। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता इस रैली को संबोधित करेंगे। बता दें कि रैली के लिये कांग्रेस कार्यकर्ता कल से ही राजधानी दिल्ली पहुंचने लगे थे। रैली में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, अनेक मंत्री भाग ले रहे हैं। जम्मू कश्मीर से भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक बड़ा जत्था रैली में पहुंचा। राहुल गांधी इस महारैली के माध्यम से देश को यह संदेश देना चाहते हैं कि भाजपा अपने बूते पर नहीं बल्कि चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट चोरी से सत्ता पर काबिज है। हालांकि कांग्रेस का वोट चोरी का मुद्दा बिहार में पूरी तरह फ्लॉप रहा। राहुल गांधी ने इस मुद्दे को लेकर बिहार में 15 दिन की यात्रा भी की थी। लेकिन चुनाव में पार्टी को इसका कोई लाभ नहीं मिला। उधर, भाजपा का कहना है कि चुनाव में लगातार हार से राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी बौखलाये हुये हैं। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है।

## बिकाऊ है

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न सम्पत्तियां बिकाऊ हैं-

1. एक प्लॉट नूरपुर रोड महिन्द्रा एजेंसी के सामने बिजनौर उत्तर व पूरब सामना साढ़े 35X102 गज
2. एक प्लॉट 50X52 गज रामपुर बकली बाहर चक्कर रोड उत्तर सामना
3. एक मकान बी-14 नई बस्ती बिजनौर 180 वर्ग गज में बना है, पूरब व पश्चिम सामना करबला के पास।
4. किराये हेतु 30X40 फीट हॉल शिव मार्केट बुखारा रोड बिजनौर

सम्पर्क सूत्र- शिवा प्रकाश गर्ग

मो. 9548240817

## सिंह होम्योपैथिक क्लीनिक

Curing with Science & Touch of Art

डॉ. प्रगति सिंह

(9+ वर्ष का अनुभव) बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.

होम्योपैथिक चिकित्सक

Treatment Available :-

- बाल रोग
- स्त्री सम्बन्धित रोग (PCOD, Fibroid, Leucorrhoea)
- त्वचा रोग
- बालों की समस्या
- थाईराइड
- हाई बी.पी.
- मधुमेह
- गुर्दे की पथरी
- जोड़ों का दर्द, कमर दर्द
- साइटिका
- साइनसाइटिस (साइनस)
- दमा
- टाइफाइड, पीलिया
- कब्ज, गैस बनना, बवासीर
- अन्य पुराने व जटिल रोगों का इलाज

परामर्श समय सोमवार से शनिवार- प्रातः 10:30 से अपरान्ह 2:00 बजे तक सायं 5:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक

SUNDAY CLOSED

97/27 पंचवटी कॉलोनी, बीना प्रकाश अस्पताल (पार्किंग) के सामने, बिजनौर (उ.प्र.)

+91-9528166349

## बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती



डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

( गुदा रोग विशेषज्ञ )

आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# आज भी विश्वास नहीं होता
# ख़लीलुर्रहमान नहीं रहे



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 15 दिसम्बर 2025**

मेष- मनोवांछित कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, प्रतियोगिता में अनुकूलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, आमोद प्रमोद में व्यय।

वृषभ- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, धर्म अध्यात्म की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

मिथुन- आज रात्रि 9/42 बजे तक अड़चनें, व्यावसायिक विफलता, शारीरिक कष्ट, तनाव, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य पूर्ण, आपसी सद्भाव, संत समागम।

कर्क- आज रात्रि 9/42 बजे तक सफलता का मार्ग प्रशस्त, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न, शेष समय विपरीत, आर्थिक हानि संभव, विवाद से नुकसान, मित्रों से असहयोग।

सिंह- अभीष्ट सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, राजनैतिक गतिविधियों में वृद्धि, वैमनस्यता में कमी, शत्रु परास्त, वैवाहिक जीवन मधुर।

कन्या- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, मांगलिक आयोजन सम्पादित, दूसरों के आश्वासनों से राहत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, समझदारी से हानि का बचाव।

तुला- आज रात्रि 9/42 बजे तक समय अशुभ, कार्यों में अड़चनें, विरोधी प्रभावी, शेष समय बेहतर, समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व का निर्वाह, धनागम।

वृश्चिक- आज रात्रि 9/42 बजे तक समय शुभ, आर्थिक उन्नति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, हर्ष भी, शेष समय असंतोषजनक, जोखिम से नुकसान, प्रतिष्ठा पर आघात।

धनु- दिनचर्या व्यवस्थित, नौकरी में पदोन्नति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, परोपकार की भावना जागृत, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

मकर- चिरवांछित कार्य बनने की ओर, सफलता हेतु विचार-विमर्श, पठन-पाठन में रुचि, आय के नवीन स्रोत, व्यक्तित्व का विकास, अधिकारी वर्ग से सहयोग, लाभ भी।

कुम्भ- आज रात्रि 9/42 बजे तक प्रतिकूलता, योजना अधूरी, समस्याओं से उलझनें, शेष समय बेहतर, व्यापारिक विस्तार, आहार-विहार में नवीनता, विरोधी परास्त।

मीन- आज रात्रि 9/42 बजे तक अनुकूलता, आत्मबल में वृद्धि, सुयश की प्राप्ति, प्रसन्नता, शेष समय व्यवधानकारक, स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों में निराशा।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

## पुण्यतिथि पर विशेष

**नगीना (चिंगारी)। 'शीशे का जैसा दिल था वह आया चला गया, कहते थे जिसको शेरे नगीना चला गया, सुख-दुःख को बांटना ही जहां में था जिसका काम, एहले नगीना को वह रुलाकर चला गया।'**

नगीना की राजनीति में करीब तीन दशकों तक एक छत्र राज करने वाले पूर्व चेयरमैन शेख खलीलुर्रहमान को इस दुनिया से रुख़सत हुए भले ही आज चार साल बीत गए, लेकिन उनकी यादें, उनके द्वारा कराए गए विकास कार्य, उनकी बातें आज भी नगीना के लोगों के दिलो दिमाग पर पूरी तरह ताजा हैं। आज भी नगीना के लाखों लोगों को विश्वास नहीं होता कि उनके चेहते खलीलुर्रहमान अब इस दुनिया में नहीं रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष पद पर दो बार खुद व दो बार अपनी पत्नी को जीत दिलवाने वाले खलीलुर्रहमान ने जीवन भर राजनीति की पिच पर कभी हार का मुंह नहीं देखा। खलीलुर्रहमान की नगीना में लोकप्रियता उनके इस दुनिया से जाने के बाद भी कम नहीं हुई। उनकी मौत के बाद 2022 में हुए चुनाव में उनकी पत्नी ताहिरा बेगम ने अपने पति (खलीलुर्रहमान) के नाम को ही आगे करके चुनावी नैया पार लगा दी।



आज खलीलुर्रहमान को इस दुनिया से गए हुए चार साल बीत गए, लेकिन आज भी समय-समय पर उनकी कमी को नगीना के लोग बड़ी शिद्दत के साथ महसूस करते हैं।

हर छोटे-बड़े मसले को बड़ी आसानी से ही हल कर देने की महारत रखने वाले खलीलुर्रहमान के जाने के बाद अब इस कमी को भी लोग खूब महसूस करते हैं।

दिन-रात जनता के लिए समर्पित रहने वाले नेता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले खलीलुर्रहमान की विरासत को आगे बढ़ाने का काम आज उनके बेटे करने में लगे हैं। शेख शाहनवाज खलील व सेराज खलील अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। अपने जीते जी नगीना को नगीना पार्क की सौगात देने वाले खलीलुर्रहमान की याद नगीना पार्क में जाकर भी तरो ताजा हो जाती है। एक ऐसा नेता जो बच्चों में बच्चा, युवाओं में युवा, बुजुर्ग में बुजुर्ग हो जाता हो, ऐसा बनना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन सा होता है। 14 दिसंबर 2021 को आज ही के दिन दिल्ली के अपोलो अस्पताल में जिंदगी की जंग हारने वाले खलीलुर्रहमान की मौत का समाचार जब दोपहर करीब 12 बजे नगीना पहुंचा था तो मानो पूरा नगीना थम सा गया। हजारों लोगों को अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ कि क्या सचमुच खलीलुर्रहमान नहीं रहे। उनकी अंतिम यात्रा में उमड़ी हजारों लोगों की भीड़ ने आज तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये। एक ऐसा नेता जो न केवल एक समुदाय बल्कि सर्वसमुदाय का लोकप्रिय बना, ऐसा रुतबा चंद लोगों को ही दुनिया में नसीब होता है।

### मां से था बेहद प्यार

**सांध्य दैनिक चिंगारी के शौकीन रहे खलीलुर्रहमान अपनी मां अमीना बेगम को सबसे ज्यादा प्यार करते थे। चिंगारी को दिये गये अपने कई इंटरव्यू में उन्होंने अपनी सफलता का सारा श्रेय अपनी मां को ही दिया था। यह कहते थे कि उनकी मां अल्लाह से उन्हें एक बार नगीना का चेयरमैन बनवाने की दुआ करती थी।**

### जनरेटर से लाइट का तोहफा दिया था

**अंधेरे से जूझते शहर को जनरेटर से लाइट का तोहफा देने का नया काम भी पूरे प्रदेश में सबसे पहले खलीलुर्रहमान ने ही किया था। जब जनरेटर की लाइट से रात को अंधेरे में शहर उजाले में नहा जाता था तो लोग उस दिन को आज भी उनकी इस उपलब्धि के रूप में याद करते हुए नहीं थकते हैं।**

### तीन बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बने चेयरमैन

राजनीति की पिच पर कभी हार का मुंह नहीं देखने वाले खलीलुर्रहमान ने अपनी लोकप्रियता का लोहा राजनीति के नेताओं के सामने भी कई बार मनवाया। यह खलीलुर्रहमान ही थे जिन्होंने अपने जीते जी चार बार पालिका अध्यक्ष की कुर्सी जितवाने में तीन बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की। अपनी बीमारी के दौरान भी लोगों की खिदमत करने से पीछे न हटने वाले खलीलुर्रहमान की इस कमी को आज भी नगीना के लोग बहुत शिद्दत के साथ महसूस करते हैं।

## सीओ ने मंडी परिसर में साइबर जागरूकता चौपाल का आयोजन किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना नजीबाबाद साइबर अपराध टीम द्वारा कृषि उत्पादन मंडी परिसर में साइबर जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यक्तियों को प्रचलित साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी के नवीन तरीकों, सुरक्षित डिजिटल लेनदेन के उपायों तथा राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान थाना साइबर क्राइम टीम ने व्यापारियों को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने बताया कि साइबर ठगी, फेक कॉल, फिशिंग लिंक, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग व बैंकिंग धोखाधड़ी किस प्रकार की जा रही है व इनसे कैसे बचा जा सकता है, इस की पूर्ण रूप से जानकारी दी गईं ताकि सभी लोग जागरूक हो सकें तथा भविष्य में होने वाली ठगी फ्रॉड से बच सकें।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान विज्ञान परीक्षा का आयोजन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज 'कोटद्वार मार्ग' में विद्या भारती द्वारा संचालित अखिल भारतीय संस्कृति-ज्ञान परीक्षा 2025-26 (आचार्य वर्ग) का आयोजन किया गया। परीक्षा में 13 आचार्य बन्धु-बहिनों ने प्रज्ञा तथा 3 आचार्य बन्धु-बहिनों ने मध्यमा तथा 1 आचार्य ने प्रवेशिका वर्ग की परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा का आयोजन प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह के दिशा-निर्देशन में हुआ।

# सूचना विभाग, सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु- विशाल सिंह

## मुख्यालय एवं जनपदीय सूचना अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

### डिजिटल एवं आधुनिक तकनीक से बेहतर होगा प्रचार-प्रसार

**लखनऊ (चिंगारी)। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक श्री विशाल सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सूचना निदेशालय के सभागार में सभी जनपदीय एवं मुख्यालय के अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक ने सूचना विभाग की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने, विभागीय कार्यप्रणाली में एकरूपता सुनिश्चित करने तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को और प्रभावी एवं तथ्यपरक ढंग से जनमानस तक पहुंचाने के निर्देश दिये।**

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए निदेशक सूचना विभाग श्री विशाल सिंह ने कहा कि सूचना विभाग, सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है। सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यों को सरल, स्पष्ट, तथ्यपरक और समयबद्ध ढंग से जनता तक पहुंचाना सूचना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही, नकारात्मक एवं भ्रामक ख़बरों पर सतत् निगरानी रखते हुए तथ्यों के साथ प्रभावी एवं संतुलित प्रतिक्रिया देना आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है।




निदेशक सूचना विभाग ने कहा कि सूचना विभाग को अपनी ऊर्जा, आत्मविश्वास और नेतृत्वकारी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। सभी अधिकारी अपने-अपने जनपदों में सजग होकर पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए सरकार के विकास कार्यों एवं जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करें। प्रचार-प्रसार के सभी माध्यमों का उपयोग करते हुए एवं आधुनिक तकनीक अपनाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। विगत 08 वर्षों में जनपदों में प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये विकास कार्यों की सही जानकारी लोगों तक पहुंचायी जाये, जिससे लोगों में सरकार के नीतियों के प्रति किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे।

अपर निदेशक श्री अरविन्द कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनपदों में किये जा रहे विकास कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित सक्सेज स्टोरी, लेख आदि के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होंने कहा कि जनपदीय कार्यालयों को और सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ किया जायेगा, जिससे कार्य करने में कोई असुविधा न हो। साथ ही सभी अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी लोग पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य करें ताकि आम जनमानस को सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिल सके। कार्यशाला में वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह ने विभागीय बजट एवं वित्तीय प्रावधानों एवं नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक श्री चन्द्र मोहन द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला का समापन किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक श्री अनुराग प्रसाद, श्री सतीशचन्द्र भारती, श्री जितेंद्र प्रताप सिंह, श्री चन्द्रविजय वर्मा, श्री अमित यादव सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली में दिल्ली पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता

**बिजनौर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की दिल्ली रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में बिजनौर शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग के नेतृत्व में बिजनौर से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पहुंचकर रैली में उपस्थित दर्ज कराई। रैली में बिजनौर शहर से मुख्य रूप से पहुंचने वालों में हुमायूं बेग शहर अध्यक्ष, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष/पीसी सी सदस्य नज़ाकत अल्वी, पूर्व जिला सचिव/कोआर्डिनेटर जनपद मुज्जफरनगर चितवन शर्मा, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष मो. रफ्त, राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन प. जोन के प्रदेश सचिव अब्दुल समद आज़द, युवा नेता शमशुद्दीन सिद्दीकी, डॉ. अज़हर खान, मो. खालिद, सैय्यद शारिक अली, अनस बेग, ओरंगज़ेब बेग,अमरीश शर्मा, उमेश गौतम, समीर एड., अनुज गौतम, आदिल, शहाब, मतीन, फरदीन, राजू, लवी भरदुवाज, कुलदीप आदि सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मोजूद रहे।




## बीएलओ व वार्ड के गणमान्य लोगों की बैठक में गणना फॉर्म पर चर्चा



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज नजीबाबाद में बूथ लेबल अधिकारी (बीएलओ) बूथ लेबल एजेंट की बैठक संपन्न हुई। नजीबाबाद में बूथ संख्या 238 पर बीएलओ आमिर अली व भाजपा के बूथ लेबल एजेंट संजय टांक व वार्ड के गणमान्य लोगों की एक बैठक की गई, जिसमें विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में प्राप्त गणना फॉर्म, वितरित गणना फॉर्म, डिजिटाइज गणना फॉर्म, मतदाता द्वारा ऑनलाइन किए गए गणना फॉर्म सभी का डाटा बताया गया। इसके बाद अपमार्जन वाले मतदाताओं मृतक, डबल, शिफ्टेड व अनुपस्थित मतदाताओं की जानकारी दी गई। राजनीतिक पार्टियों को अपमार्जित मतदाताओं की एक पावती प्राप्त कराई गई। राजनीतिक पार्टियों के एजेंट एवं वार्ड के गणमान्य लोगों से मतदाता सूची में अनुपस्थित मतदाताओं के गणना फॉर्म भरवाने के लिए सहयोग को कहा गया। बैठक में वार्ड सभासद खुर्रम अफजाल, इनामुल हक सैफी, आफाक नबी खान, नितिन टांक, रईस अहमद आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कई रेलगाड़ियां चंदक से गुजरती तो हैं, मगर यहां रुकती नहीं

**चंदक (चिंगारी)।** बिजनौर लोकसभा और सदर विधानसभा बिजनौर के सीमांत क्षेत्र में स्थित चंदोक (चंदक) रेलवे स्टेशन ग्रामीण अंचल का मुख्य रेलवे स्टेशन है, जिससे सैकड़ों गांव के लोग सीधे जुड़े हैं। लेकिन एक्सप्रेस ट्रेनों के बहुत कम स्टोपेज होने के कारण क्षेत्र की जनता को स्टेशन का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। यात्रा करने के लिए लोगों को लक्सर, नजीबाबाद जाकर ट्रेनें लेनी पड़ती हैं, जिससे समय और धन की बर्बादी होती है। जबकि वही ट्रेन स्थानीय स्टेशन से होकर गुजरती हैं। लेकिन स्टोपेज न होने के कारण लोग उसका लाभ नहीं उठा पाते। क्षेत्र के लोग वर्षों से 15011 अप व 15012 डाउन लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के स्टोपेज की मांग करते रहे हैं। कई बार सांसद और विधायक को स्टोपेज के लिए मांग-पत्र दे चुके हैं। लेकिन रेलवे ने स्टोपेज नहीं किया। विदित हो कि चंदोक स्टेशन से पूरे दिन में कोई ट्रेन सहारनपुर, चंडीगढ़ की ओर नहीं जाती, जबकि क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में दिन में सहारनपुर की ओर आवागमन करते हैं। स्थानीय लोगों की मांग है माननीय इस स्टोपेज की ओर ध्यान दें, जिससे क्षेत्र की जनता को लाभ मिल सके।




### स्टोपेज से चार थाना क्षेत्र के लोगों को मिलेगा लाभ

**चंदोक (चिंगारी)। रेलवे स्टेशन से चार थाना क्षेत्र बिजनौर कोतवाली शहर, मंडावर थाना क्षेत्र, किरतपुर थाना क्षेत्र और नांगल थाना क्षेत्र के लोग सीधे रूप से यात्रा करते हैं। मुख्य केंद्र बिंदु होने के बावजूद रेलवे द्वारा इस स्टेशन पर ट्रेन स्टोपेज को लेकर ध्यान नहीं दिया जाता। अब यहां से सहारनपुर जाने वाली ट्रेन रात में है। यदि यहां रेलवे लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस का स्टोपेज देता है, तो चार थाना क्षेत्रों सहित तमाम जनता को लाभ होगा, वहीं रेलवे की भी आमदनी बढ़ेगी।**

# साइबर अपराधी नहीं आ रहे काबू अब ठगा गया सीएमओ दफ्तर का बाबू



**बिजनौर (चिंगारी)।** सरकार द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के बावजूद साइबर अपराधी किसी न किसी को शिकार बनाने में कामयाब हो ही जाते हैं। साइबर अपराधियों ने अब सीएमओ कार्यालय के एक लिपिक को साढ़े 47 हजार का चूना लगा दिया। लिपिक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के गोविंदपुरम आवास विकास निवासी नितिन कुमार गौड़ सीएमओ कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। नितिन कुमार के अनुसार नौ दिसम्बर 2025 की शाम को उनके मोबाइल फोन पर योनो, एसबीआई नाम से एक एसएमएस आया, जिसमें लिंक दिया गया था। लिंक क्लिक करने पर यूजनेम और नेट बैंकिंग पासवर्ड पूछा गया। बताया जाता है कि विवरण भरने के कुछ देर बाद ही खाते से लेनदेन शुरू हो गया। इस बीच नितिन कुमार गौड़ के खाते से 47,512 रुपये कट गये। ठगी का पता चलते ही नितिन ने साइबर सेल के 1930 नम्बर पर शिकायत दर्ज करायी। शहर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने रिपोर्ट दर्ज किये जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# लंगूर के पैर पर बाइक चढ़ाई विरोध किया तो की मारपिटाई

**नहटौर (चिंगारी)।** गन्ना समिति नूरपुर सभापति के भाई पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट की है।

ग्राम नारायण खेड़ी निवासी सुमित कुमार पुत्र भूपेन्द्र सिंह जो गन्ना समिति नूरपुर के सभापति (चेयरमैन) अमित चौधरी का भाई है, का आरोप है कि शुक्रवार को वह अपने घर के बाहर स्थित धर्मकांटे पर बैठा था। सक्ष्य पुत्र अजयपाल सिंह निवासी ग्राम शेखूपुरा ने जान-बूझकर उसके लंगूर के पैर पर अपनी बाइक चढ़ा दी, जिसको लेकर दोनों में कहासुनी हो गयी। सुमित का आरोप है कि विरोध करने पर फोन कर सक्ष्य ने अपने परिजनों अजयपाल, बिट्टू, राहुल, राजन, प्रशांत को मौके पर बुला लिया। जिस पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। बताया जाता है कि आरोपियों ने सुमित पर रायफल भी तानी। मारपीट से सुमित घायल हो गया। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया मामले में छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। जांच की जा रही है।

# अवध शुगर मिल ने चिकित्सा शिविर लगाया, 250 लोगों ने लाभ उठाया



**स्योहारा (चिंगारी)।** अवध शुगर मिल की ओर से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन मिल परिसर में बने चिकित्सालय पर किया गया। शिविर में 250 लोगों से अधिक ने नेत्र जांच कराई, जिसमें 106 लोगों को चश्मा उपलब्ध कराया गया। बाकी को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

शिविर का उद्घाटन अधिशासी उपाध्यक्ष सुशील कुमार, विवेककांत शर्मा, मुकेश मिश्रा, प्रमोद कुमार, दिनेश कुमार, जेके सिंह, विवेक श्रीवास्तव, एडवोकेट राजेश शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

एचआर डिपार्मेंट के अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह के नेतृत्व में लगाया गया शिविर खासतौर से मिल में गन्ना लाने वाले वाहन चालकों व आसपास के किसान भाइयों, शुगर मिल कर्मचारियों तथा आसपास के लोगों को ध्यान में रखते हुए लगाया गया। शुगर मिल की ओर से इस तरह के शिविर पहले भी लगाए जाते रहे हैं और भविष्य में शुगर मिल द्वारा इस तरह के नि:शुल्क शिविरों का आयोजन होता रहेगा।

# पहुंचे शिक्षकों की समस्याओं को लेकर लौटे डीआईओएस को ज्ञापन देकर

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव से उनके कार्यालय में भेंट की। वार्ता के दौरान शिक्षकों ने एनपीएस के लेजर की सत्यापित प्रतिलिपि जारी कर सभी विद्यालयों से लेजर बनवाए जाने, एनपीएस से पुरानी पेंशन में आने वाले शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण, व्यवसायिक शिक्षकों के अवशेष भुगतान आदि अनेक बिंदुओं पर बात की।

जिला अध्यक्ष ग्य्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया की जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी समस्याओं को तुरंत नोट कर सप्ताह भर के भीतर उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया। विज्ञप्ति में बताया गया कि सत्र परिवर्तन के कारण व्यवसायिक शिक्षकों का कुछ महीने का वेतन अवशेष के रूप में लंबितवाई, जिसके भुगतान का आश्वासन जिला विद्यालय निरीक्षक ने दिया। वार्ता के दौरान



डीआईओएस ने आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के प्रबंधक रामनारायण सिंह के देहांत पर शोक एवं संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें एक व्यवहार कुशल मृदुभाषी व्यक्ति बताया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संगठन के पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष तथा जिला मंत्री के अतिरिक्त राजेंद्र सोलंकी, कुलबीर सिंह, बालमुकुंद रामबदन सिंह तथा नीरज अवस्थी आदि शिक्षक सम्मिलित रहे।

# लोक अदालत में ग्रामीण बैंक ने कराये 288.96 लाख रुपये के 345 समझौते

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के द्वारा जजी परिसर बिजनौर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपना स्टॉल लगाकर वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक लखवीर सिंह सिहमार के साथ बैंक स्टाफ उपस्थित रहा। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा बकाया राशि रु. 528.50 लाख के सापेक्ष रु. 288.96 लाख के कुल 345 समझौते कराए गए, साथ ही कुल 140.50 लाख की राशि मौके पर संतराम, सुरेन्द्र सिंह, इन्द्रा, सूरज सिंह, कैलाश चंद्र, भूरिया देवी, मुन्नू आदि ऋणियों के खातों में वसूल हुई। लोक अदालत में बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक लखवीर सिंह सिहमार ने स्वयं अनेक ऋणियों से बातचीत की तथा समझौते के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बैंक के अनेक अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के उपक्षेत्रीय



प्रबंधक अर्चित रस्तौगी, वरिष्ठ प्रबंधक नितिन कुमार अहलावत, अक्षय कुमार शर्मा, वसूली प्रबंधक प्रयांशु त्यागी के साथ-साथ अनुज सैनी, अजीत सिंह आदि रहे। कैश का कार्य शाखा नांगलजट के कैशियर राहुल कुमार व शाखा सिविल लाइन्स के कैशियर जरीफ अहमद के द्वारा किया गया। विभिन्न शाखाओं से आए स्टाफ राजीव कुमार शर्मा (प्रबंधक शाखा आवास विकास), राकेश कुमार, जगदीश चन्द्र सरकार, ज्योति नितिन मार्टिन, अभिषेक शर्मा, हिमांशु सिंह, ललित कटारिया, विवेक यादव, विशाल चौधरी, विवेक कुमार, ऋशु राज सिंह, तसलीम अहमद, अमित कुमार, अंकित कुमार, राहुल, जान डेनिस कुजूर, सचिन कुमार गुप्ता, निशांत कुमार, सीपी सिंह, सोनू सिंह, डीके पाल, रितेश चौहान, राजेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, उदय राज, लवित कुमार, रिंकू, सागर सिंह, प्रचेता प्रकाश, विपलव कुमार आदि ने अपनी-अपनी शाखाओं का प्रतिनिधित्व किया। जिला सेवा विधिक प्राधिकरण सदस्य एडवोकेट प्रीति चौहान का पूर्ण सहयोग रहा।

# कार्बेट पार्क में वॉकी-टॉकी ले जाने पर पर्यटक ब्लैकलिस्ट

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के झिरना पर्यटन जोन में सफारी के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर लखनऊ निवासी एक पर्यटक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। बाघ देखने के उद्देश्य से अवैध रूप से वॉकी-टॉकी ले जाने के मामले में कॉर्बेट प्रशासन ने संबंधित पर्यटक को छह माह के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है। अब वह अगले छह महीनों तक कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के किसी भी पर्यटन जोन में न तो सफारी कर सकेगा और न ही नाइट स्टे की अनुमति मिलेगी।

वन्य अधिकारियों ने बताया कि 10 दिसंबर को झिरना पर्यटन जोन में सफारी के दौरान एक पर्यटक समूह के पास वॉकी-टॉकी होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिये। जांच की जिम्मेदारी आरो इको टूरिज्म को सौंपी गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित पर्यटक ने सफारी के दौरान अवैध रूप से वॉकी-टॉकी अपने पास रखा था। उन्होंने बताया कि यह कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व की निर्धारित पर्यटन गाइडलाइन और नियमावली का सीधा उल्लंघन है। पार्क प्रशासन द्वारा पहले से ही स्पष्ट किया गया है कि सफारी के दौरान पर्यटकों को किसी भी प्रकार के संचार उपकरण, वॉकी-टॉकी या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं है। क्योंकि इससे वन्यजीवों की सुरक्षा और जंगल की शांति प्रभावित होती है। नियमों के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए संबंधित पर्यटक को छह माह के लिए ब्लैकलिस्ट किया गया है। कॉर्बेट प्रशासन ने सभी पर्यटकों से अपील की है कि वे जंगल भ्रमण के दौरान तय नियमों और दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें ताकि वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बना रह सके।

# सड़कछाप मजनुओं से तंग आई छात्रा ने छोड़ दी बीच में पढ़ाई

## शिकायत करने पर भेज रहे हैं अश्लील मैसेज

### पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बेगावाला चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनकी 14 वर्षीया पुत्री एक स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा थी। जब भी छात्रा घर से स्कूल जाती थी तो गांव निवासी युवक माजिद, अल्लू और बुल्ला उसका पीछा करते थे। डर और मानसिक तनाव के चलते परिजनों ने बेटी को स्कूल भेजना बंद कर दिया। यह भी आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपियों ने अलग-अलग मोबाइल नंबरों से छात्रा के मोबाइल पर अश्लील मैसेज और वॉयस रिकॉर्डिंग भेजनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं, जबरन मिलने और संबंध बनाने का दबाव बनाया तथा कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के पास धमकी भरे मैसेज और अश्लील सामग्री के स्क्रीन शॉट सुरक्षित हैं। पीड़िता की मां ने आशंका जताई है कि आरोपी उसकी बेटी या परिवार के साथ अप्रिय घटना न कर दें। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, मामले की जांच की जा रही है।


## ब्रिकी/किराए के लिए व्यावसायिक संपत्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एस.आर.एस. मॉल ( SRS MALL ), शक्ति चौक, बिजनौर में स्थित, दो व्यावसायिक हॉल ( बिक्री या किराए ) के लिए उपलब्ध हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

दो हॉल तृतीया तल पर जिनका आकार-74 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा एवं 79 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा है।

इच्छुक व्यक्ति श्री मनीष कुमार जी से 9927164079 पर सम्पर्क कर सकते हैं।


# विवेक विश्वविद्यालय के दो छात्रों का तिरूपति व्हीकल में चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय में तिरूपति व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड एवं धारा मोटर्स द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें बी.कॉम. एवं बी.सी.ए के अन्तिम वर्ष के छात्रों ने प्रतिभाग किया। तिरूपति व्हीकल की एच.आर. श्वेता सिंह ने चयन प्रक्रिया प्री-प्लेसमेंट टाक एवं पर्सनल इंटरव्यू के पश्चात बी.सी.ए. के यश यादव, बी.कॉम की प्रिया भटनागर को मानकों के अनुसार योग्य पाकर चयनित किया।





विश्वविद्यालय के डीन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग डॉ. हर्ष कुमार एवं मैनेजमेन्ट के डीन डा. सर्वेश कुमार शीतल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और कम्पनियां भी लगातार अन्तराल पर कैम्पस प्लेसमेंट के लिए महाविद्यालय आती रहेंगी। विश्वविद्यालय के चान्सलर अमित गोयल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का यूनिवर्सिटी कैम्पस प्लेसमेंट में प्रदर्शन सराहनीय है। विश्वविद्यालय के वाइस चान्सलर प्रो. डा. एन.के. गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी जितने स्किलफुल होंगे, कम्पनी में उनके चयन की संभावना उतनी प्रबल होगी।





कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

# पत्रकार एकता मंच व दमयंती देवी संस्थान ने स्कूल में आयोजित किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**धामपुर (चिंगारी)।** पत्रकार एकता मंच एवं दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गांव बगदाद अंसार रोड स्थित एम एन पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 137 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इस दौरान सभी मरीजों को तीन-तीन दिन की दवाइयां नि:शुल्क वितरित की गई।



शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए जावेद रहमान शम्सी।

शनिवार की शाम शिविर का उद्घाटन पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मुरादाबाद मंडल प्रभारी जावेद रहमान शम्सी, सपा के वरिष्ठ नेता हाजी मतलूब अंसारी, एम एन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक निहाल अहमद ने सीता काटकर किया। इस अवसर पर पत्रकार एकता मंच के संयोजक राहुल श्याम, अध्यक्ष मनोज कात्यायन, महामंत्री शाकिर अंसारी, मंत्री अमित कुमार शर्मा, रोमियो मयूर, सुशील रस्तौगी व राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। शिविर में डॉ. आदित्य अग्रवाल ने 137 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी नि:शुल्क वितरण की गई।

कैंप में ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉ अमित गुप्ता ने नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया और चश्मे के लिए मरीजों को चिन्हित किया। शिविर में 'पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश और शहर' अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किये गये। शिविर को सफल बनाने में निहाल अहमद, नेहा नाज, बिलाल अहमद, गौरी जैन, विनित जैन, शमशुल अरब, कफील अहमद, सुशील रस्तौगी, राकेश कुमार, विपिन कुमार, यतेंद्र कुमार शर्मा हर्षित, सौरभ, आदित्य, लवी, कपिल, अखिलेश, प्रदीप, अंकित, साहिल, कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का सराहनीय योगदान रहा। शिविर का संचालन पत्रकार एकता मंच के महामंत्री शाकिर अंसारी ने किया।

# महंत संदीप गोस्वामी ने दो दिन तक की जल तपस्या



**धामपुर (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला बाड़वान स्थित कुम्हारों वाली गली में श्री राम रुपाए बालाजी मंदिर के महंत संदीप गोस्वामी जी महाराज द्वारा केसरिया रंग के ड्रम में शीतल जल भरकर शुक्रवार की शाम से प्रारंभ की गई दो दिवसीय जल तपस्या शनिवार रात्रि 8 बजे पूर्ण हो गई। शनिवार की रात्रि को इसी स्थान पर मेहंदीपुर वाले बालाजी महाराज का 9वां विशाल जागरण भी आयोजित किया गया। महंत संदीप गोस्वामी जी महाराज ने बताया कि वह जन कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए जो भी कार्य संपादित कर पाते हैं उन सभी कार्यों में उनके इष्ट एवं आराध्य देव बालाजी महाराज की कृपा, अनुकंपा और आशीर्वाद की निरंतरता बनी रहती है। जल तपस्या के दौरान पहुंचे प्रत्येक श्रद्धालु ने शनिवार की रात्रि में आयोजित बालाजी महाराज के जागरण में बालाजी की महिमा का गुणगान किया।

# ट्यूशन के लिए घर से निकली दो किशोरियां हुईं लापता

## राज्य महिला आयोग ने शीघ्र बरामद करने के दिये आदेश



कुसुम कण्डवाल

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** लक्ष्मण झूला, (ऋषिकेश) से ट्यूशन के लिए निकली 13 और 14 वर्ष की दो किशोरियां अचानक लापता होने के मामले में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने स्वत: संज्ञान लिया है। अध्यक्ष ने पुलिस को तत्काल और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने एसओ लक्ष्मणझूला को भी त्वरित कार्रवाई करने और हर सूचना पर तुरंत फॉलोअप लेने के निर्देश दिये। उन्होंने जानकारी दी है कि मामले में सामने आया है कि दोनों किसी लड़के के संपर्क में थीं। पुलिस उनकी लोकेशन और कॉल डिटेल्स भी ट्रेस कर रही है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने लड़कियों को जल्द सकुशल बरामद करने के लिए कड़े निर्देश जारी किये हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों लड़कियां जानकी पुल से विक्रम में बैठकर रेलवे स्टेशन पहुंचीं और हरिद्वार जाने वाली ट्रेन में कपड़े बदले। उनकी अंतिम लोकेशन रामनगर में मिली है, जहां पुलिस टीमें सक्रिय रूप से तलाश में जुटी हैं। नाबालिग लड़कियों का किसी के बहकावे में घर से निकल जाना गंभीर चिंता का विषय है। आयोग ने अभिभावकों से बच्चों की गतिविधियों और उनकी ऑनलाइन-ऑफलाइन मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान देने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि तकनीकी सर्विलांस जारी है और दोनों को शीघ्र ही सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# रोडवेज बस व ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर



**ग़नीमत रही कोई नहीं हुआ हताहत**

**स्योहारा (चिंगारी)।** शनिवार की देर शाम क्षेत्र में मुरादाबाद रोड पर महमूदपुर फाटक के पास एक रोडवेज बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच टक्कर हो गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ और बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेली डिपो की रोडवेज बस, जिसे चालक नरेंद्र कुमार चला रहा था, मुरादाबाद की ओर से स्योहारा की दिशा में जा रही थी। इसी दौरान स्योहारा की तरफ से आ रहे एक महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने अचानक महमूदपुर फाटक की ओर वाहन मोड़ दिया। अचानक हुए इस मोड़ के कारण रोडवेज बस अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि न होने से यात्रियों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस के अनुसार फिलहाल किसी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पहले काम से सम्बंधित होते थे स्थानों के नाम अब नाम वही हैं लेकिन बदल गये हैं काम

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर नगर में अब कुछ स्थान ऐसे हो गए हैं, जिनको पहले जिस नाम से जाना जाता था और वह काम भी उसी स्थान पर होता था, परंतु अब उस स्थान पर वह काम तो नहीं हो रहा परंतु उनको अभी इस नाम से ही पुकारा जाता है।

आज नगर के मुख्य मार्ग पर जहां कभी फलों का कारोबार होता था और इसी कारण इस स्थान का नाम फल चौक पड़ गया था। इसी के साथ धामपुर नगर की मुख्य सब्जी मंडी भी हुआ करती थी, जिसे सब्जी मंडी बजरिया के नाम से जाना जाता था। नगर छोटा था आबादी कम थी, तो नगरवासी एक ही स्थान से फल और सब्जी लेकर चले जाते थे। परंतु अब भी उस स्थान का नाम सब्जी मंडी बजरिया तो है, परंतु वहां सब्जी का कारोबार और फल का कारोबार बंद हो चुका है। बढ़ती आबादी के कारण अब फल और सब्जी के कारोबार को अन्य स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया है।




फल चौक स्थित दुकानें।

इसके अलावा मोहल्ला कहारान में माहिगीर बिरादरी की सुविधा के लिए पूर्व सभासद अब्दुल अजीज ने वर्ष 1960 में मछली बाजार का निर्माण कराया था जहां टिन शेड डालकर मछली बेचने वालों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। परंतु अब मछली बाजार को भी कुछ लोगों ने उजाड़ दिया है। परंतु अब भी इस स्थान का नाम मोहल्ला कहारान मछली बाजार दूर-दूर तक विख्यात है। नगर पालिका परिषद के पिछले कार्यकाल में मछली बाजार के स्थान पर लगे टिन शेड को अतिक्रमण के दौरान हटवा दिया गया था। उसके बाद नगर पालिका परिषद ने यहां महिला पुलिस चौकी और जनता की सुविधा के लिए शौचालय बनाए जाने का प्रस्ताव पास किया था परंतु यह कार्य अधर में लटक गया और यह स्थान खाली पड़ा हुआ है।

इस स्थान के बराबर में स्थित एक खाली प्लॉट के स्वामी ने इस मौके का फायदा उठाते हुए लगभग 6 महीने पूर्व मैदान के फ्रंट से अगली दीवार करके वहां शटर लगा दिये और इसके बाद छह दुकानों का निर्माण कर दिया। मछली विक्रेता मकसूद अहमद, सुल्तान अहमद, साबिर, जकी, नूरजमाल आदि का आरोप है कि नगर पालिका परिषद से हमसाज होकर हमारे कारोबार को उजाड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर यह दुकान बनाई गई है वहां पहले भटियारी सराय थी जहां बाहर से आने वाले लोग ठहरते थे। उसके बाद यह जगह भटियारों द्वारा बेच दी गई, जहां खुले मैदान में संतरे और फलों का कारोबार होता था परंतु अब यहां दुकान बना दी गई है।

# चारा लेने जंगल जा रहे ग्रामीण की बुग्गी पलटने से मौत, गांव में पसरा शोक



फाइल फोटो मुन्नू उर्फ सौराज

**किरतपुर (चिंगारी)।** बुग्गी से चारा लेने जंगल जा रहे किसान की बुग्गी पलटने से मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। 'चिंगारी' को मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम शेरपुर के मुन्नू उर्फ सौराज (65) वर्ष आज सुबह 8 बजे बुग्गी से चारा लेने जंगल जा रहे थे। रास्ते में ऊंची डौल पर चढ़ने से बुग्गी पलट गई, जिससे किसान मुन्नू उर्फ सौराज बुग्गी से गिर पड़े और पास में पड़े पाइप से उनका सिर टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने देखा और परिवार वालों को सूचना दी। तुरंत मुन्नू को किरतपुर सरकारी अस्पताल लाया गया, वहां उनकी गंभीर स्थिति गंभीर देखते हुए बिजनौर रैफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई जिससे उनके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया मृतक के बड़े पुत्र जोगेंद्र भारती ने बताया कि दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया जाएगा।

# निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है जिला सहकारी बैंक- दिनेश कुमार

## बैंक की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक सम्पन्न





**बिजनौर( चिंगारी )।** जिला सहकारी बैंक बिजनौर की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया मुख्य अतिथि, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान बॉबी, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय मंत्री हरजिन्दर कौर एवं अनूप बाल्मिकी विशिष्ट अतिथि रहे। एजीएम ने बैंक के सभी समस्त संचालकगण तथा बैंक के लगभग 1000 प्रतिनिधियों एवं आगन्तुकों ने प्रतिभाग किया।

बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रवीण कुमार ने बैंक का वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 लेखा प्रस्तुत किया गया, जिसका सर्वसम्मति से सामान्य निकाय में उपस्थिति प्रतिनिधियों द्वारा अनुमोदन किया गया। बैंक द्वारा वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 अपने शेयर धारकों को 7.00 प्रतिशत दर से लाभांश 744.80 लाख के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया, जिसमें से बैंक में जमा अंशधन के आधार पर बी-पैक्स, वेतन भोगी समिति व 01 गन्ना समिति को लाभांश के चैक सतेन्द्र सिसौदिया क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा वितरित किये गये।

मुख्य अतिथि सतेन्द्र सिसौदिया ने अपने उद्बोधन में उपस्थित समस्त बैंक प्रतिनिधियों एवं आगन्तुकों को अवगत कराया कि पैक्स के कम्प्यूटराईजेशन, पैक्स सदस्यता अभियान के लिये केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलायी गयी योजनाओं के विषय और उक्त योजनाओं से कृषक सदस्यों एवं अन्य सदस्यों को लाभ के विषय में अवगत कराया गया है।

बैंक के सभापति दिनेश कुमार के द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में अवगत कराया गया कि बैंक निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर है। विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन सुगमतमापूर्ण हो रहा है। उन्होंने उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों एवं अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक के समापन की घोषणा की।

# सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने किया चौधरी ट्रेडर्स का उद्घाटन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी की सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने शनिवार को शहर के विदुर कुटी रोड, बुखारा चुंगी स्थित चौधरी ट्रेडर्स के नये शोरूम का उद्घाटन किया। यह शोरूम इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज की व्यापक रेंज उपलब्ध कराता है, जहां ग्राहकों को अनस्टॉपेबल वैल्यू, अनबीटेबल प्राइस का वादा किया गया है। इस मौके पर शोरूम के मालिक आफाक चौधरी ने बताया कि यह स्टोर हगीज जैसे ब्रांडेड प्रोडक्ट्स सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों की बिक्री करेगा, शोरूम में डेढ़ हज़ार से ज्यादा ब्रांडेड इलेक्ट्रोनिक आइटम उपलब्ध हैं, जो ऑफलाइन व ऑनलाइन बाजार मूल्यों से बहुत काम दामों में उपलब्ध रहेंगे। उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोग और व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सांसद रुचि वीरा ने रिबन काटकर शोरूम का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे नये व्यवसाय क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाएंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। चौधरी ट्रेडर्स अब शहरवासियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज की खरीदारी का एक नया विकल्प बन गया है। इसमें शामिल डा. शाहबाज़ उमरी, अय्यूब अहमद, आरिफ, जावेद अहमद, महताब अहमद, नसीबुररहमान, इरशाद, इरशाद अहमद, जावेद उर्फ़ बब्बू, अरशद शमीम, इरफ़ान उर्फ़ टीपू, मोहसिन एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# ग्रामीण लेकर आये फरियाद, पुलिस ने सुलझाये कई विवाद

## समाधान दिवस



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** शनिवार को थानाध्यक्ष हीमपुर दीपा जय भगवान सिंह की अध्यक्षता में थाना परिसर पर समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनीं। समाधान दिवस में समी पुत्र अमीर अहमद निवासी सैदाबाद, शराफत पुत्र मौलाना बख्स व विद्या देवी पत्नी स्व. भूक्कन सिंह निवासी धींवरपुरा की ओर से राजस्व संबंधी तीन शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक और समयबद्ध तरीके से किया जाए। एक ही शिकायत बार-बार नहीं आनी चाहिए, फरियादियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

# कृष्णा कॉलेज के विधि छात्रों ने देखी राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के विधि छात्र-छात्राओं ने जिला न्यायालय बिजनौर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही को देखा तथा प्रक्रिया की बारीकियों को समझा। महाविद्यालय प्रबन्धक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान ने विधि विद्यार्थियों के समूह को हरी झण्डी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर की ओर रवाना किया। महाविद्यालय के सहायक प्रवक्ता अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि आपसी समझौतों के द्वारा वादों के निस्तारण में विधि विद्यार्थियों को अहम भूमिका हो सकती है। इसलिए विधि विद्यार्थियों को इस प्रकार की कार्यवाहियों में शत-प्रतिशत भागीदारी करनी चाहिए। और विधि विद्यार्थियों को लोक अदालत की स्थापना एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों से भी अवगत कराया। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने विधि के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के बारे में बताया। सहायक प्रवक्ता डॉ. एम.ए. खान ने विधार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना व उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे अपनी पेंटिंग दिखाते हुए।

नजीबाबाद (चिंगारी)। यूनिटी पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को नगर के मोहल्ला पठानपुरा स्थित यूनिटी पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 5 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें उन्होंने अपनी कलात्मक कौशल व बुद्धि का शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार की पेंटिंग बनाकर सभी का मन मोह लिया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मोहम्मद अरहम प्रथम, मोहम्मद रहबर द्वितीय, फरियाल फातिमा तृतीय रही। कक्षा चार में कला में मेहविश प्रथम, मोहम्मद अली खान द्वितीय, जिया परवीन तृतीय रही। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य असलमा खातून व उप प्रधानाचार्य समर ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल की स्टॉफ में शहजीन, तरन्नुम, जैबी, सारा, आलिया, आसिया, महविश फिजा आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

# कृषि विभाग ने किया किसान गोष्ठी व पाठशाला का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। कृषि विभाग नजीबाबाद द्वारा मुस्सेपुर ग्राम पंचायत के पंचायतघर पर किसान गोष्ठी व पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक विकास अधिकारी कृषि जौनी कुमार, सतनाम सिंह नागर, विकास कुमार ने किसानों को बताया कि प्रदेश सरकार कृषि विभाग द्वारा अनेक जन उपयोग योजनाएं चलाकर किसानों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। सहायक कृषि विकास अधिकारी जौनी कुमार ने प्राकृतिक व गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर विस्तार से प्रकाश डाला।



भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हमारे किसान समृद्ध हो। देश की खुशहाली का रास्ता गांव व खेत खलियानों से होकर गुजरता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान रणवीर सिंह एवं संचालन विजेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर छत्रपाल सिंह, रफीक अहमद, सुखबीर सिंह, छोटे मंसूरी, शकुंतला देवी, शोभा भाटी, बाले हसन, नरेश आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों व भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने किसानों को सरकार द्वारा नि:शुल्क सरसों व मसूर की मिनी किट वितरित की।

# मोनू टाटा ने व्यापारियों के साथ केक काटकर मनाया जन्मदिन

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नवाब नजीबुद्दौला शाखा की एक बैठक न्यू लाहोटी मार्केट कॉम्पलेक्स में आयोजित की गई। जिसमें शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने अपना जन्मदिन व्यापारियों के साथ केक काटकर मनाया। सभी व्यापारियों ने मोनू टाटा को जन्मदिन की मुबारकबाद देते हुए उनकी लम्बी आयु की दुआ की। इस मौके पर व्यापारी दीपांशु वर्मा को शाखा मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त करते हुए उन्हें मनोनयन पत्र भी भेंट किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में शाखा उपाध्यक्ष सिताब खान, जिला महासचिव रईस कुरैशी, फरहत खान, दाऊद, नदीम, अजमल, फरहाद आदि व्यापारी मौजूद रहे।



# मिट्टी के अवैध खनन से इस्सेपुर के ग्रामीण धूल फांकने को मजबूर

## आबादी से गुजर रहे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली से हादसे का खतरा




नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम इस्सेपुर के जंगलों में मिट्टी का अवैध खनन का धंधा चल रहा है। मिट्टी खनन के लिए भट्टे की परमिशन की आड़ में 8 से 10 फुट गहरी जेसीबी से खुदाई की जा रही है। ग्राम इस्सेपुर के घरों के पास से बिना नंबर प्लेट के मिट्टी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली तेजी से काफी संख्या में गुजर रहे है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। तेज रफ्तार से दौड़ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में बच्चों के भी आने का खतरा बना हुआ है। मिट्टी के अवैध खनन से गांव के कई घरों में ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी मिट्टी उड़ कर पहुंच रही है, जिससे लोग काफी परेशान है। मिट्टी उड़ने से गांव के लोग धूल फांकने को है मजबूर हो रहे है। मिट्टी का ठेकेदार अपनी दबंगई दिखाते हुए खनन के कार्य को जारी रखे हुए है। मिट्टी खनन का कार्य मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। किसानों के निजी ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी का खनन हो रहा है। ग्रामीणों ने इस पर रोक लगाने की मांग की है।

# समाज के लोगों को मानवाधिकार के प्रति जागरूक किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में नजीबाबाद में कोतवाली मार्ग स्थित कार्यालय पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों को मानवाधिकार के प्रति जागरूक किया गया। एसोसिएशन की बिजनौर इकाई के द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सभी को जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में नए लोगों को संगठन के प्रति जुड़ने का अवसर प्रदान किया गया ताकि सभी मिल समाज में दबे व मजबूर लोगों की लड़ाई लड़ सकें। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कपिल देव सिंह एवं संचालन जिला प्रमुख रविंद्र सिंह देशवाल ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी वीर सिंह, जिला उप प्रमुख तेजपाल सिंह, जिला उप सचिव डॉ. चरण सिंह, राकेश त्यागी, सुनील त्यागी, ललित देशवाल, सतीश चन्द्र आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आप की 'वोट बचाओ-संविधान बचाओ' पदयात्रा 21 से

**नजीबाबाद (चिंगारी)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद ने पार्टी के 'वोट बचाओ-संविधान बचाओ' अभियान के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली पदयात्रा में कार्यकर्ताओं से भारी संख्या में भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा 21 दिसम्बर को जिला रामपुर से प्रारंभ होकर 26 दिसंबर को जिला अमरोहा में संपन्न होगी। इस जन-जागरूकता पदयात्रा का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संविधान की रक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना है।**

# अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष ने संगठन मजबूती को दिया मंत्र

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने संगठन को मजबूत व सक्रिय बनाने के लिए एक प्रभावी मंत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि संगठन की असली शक्ति उसके कार्यकर्ताओं की एकता, अनुशासन व सतत संवाद में निहित होती है। श्री चौधरी ने स्पष्ट किया कि नियमित बैठकों, पारदर्शी कार्यशैली व जवाबदेही ही वह आधार हैं, जिनसे संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की धुरी है, उनके सम्मान व सहयोग से ही पार्टी अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकती है। जिला अध्यक्ष ने युवाओं की भागीदारी को विशेष महत्व देते हुए बताया कि नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना तथा उन्हें नेतृत्व का अवसर देना संगठन विस्तार का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समाधान के लिए अग्रसर रहना ही राजनीतिक सफलता का मूल मंत्र है। बैठक में अजीत चौधरी, वकील अहमद, सरदार लाभ सिंह, अमित सिंह, मोबिन, नसीम अहमद, उपासना, निधि आदि उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी।

# अत्यंत भव्य एवं सार्थक रहा प्रियंका मॉडर्न स्कूल का 40वां एनुअल डे फंक्शन

## मनोरंजक के साथ-साथ शिक्षाप्रद रहा कार्यक्रम

धामपुर (चिंगारी)। नगर व क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्था प्रियंका मॉडर्न स्कूल के 40वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या 'एक धरती, एक परिवार' अर्थात 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को सम्प्रेषित करने में पूर्ण रूप से सफल रही। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से 20 हजार दर्शकों तक यह संदेश पहुंचाया कि प्रकृति के नैसर्गिक स्वरूप को आधुनिकता और विकास की अंधी दौड़ ने कितना क्षतिग्रस्त कर दिया है। विकास तो चाहिए, किंतु प्रकृति के शोषण पर नहीं, उसके पोषण पर। इस विचार के साथ यह कार्यक्रम मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इस कार्यक्रम में उपस्थित विशाल जनसमूह को स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ समाज और पर्यावरण से जुड़े तमाम मुद्दों, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं तथा उनके समाधान की दिशा में उठाये जाने वाले कदमों की झलक देखने को मिली। इसके साथ ही, इस सांस्कृतिक संध्या में प्रियंका स्कूल परिवार और क्षेत्र की जनता को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के वंशज श्री जी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को देखने और सुनने का अवसर मिला। 77वें श्री एकलिंग दीवान श्री जी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की धरा पर 1500 वर्षों से अनवरत चली आ रही गौरवमयी परंपरा के वंशज हैं।

## विकसित भारत का रास्ता शिक्षा के मंदिरों से होकर निकलेगा- डॉ. लक्ष्यराज सिंह






धामपुर (चिंगारी)। प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 40वां एनुअल डे अत्यंत भव्य एवं सार्थक रहा। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लगभग 20 हजार लोगों की करतल ध्वनि के बीच एक के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और 'वन अर्थ वन फैमिली' की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का शुभारंभ वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के वंशज, स्वतंत्र विचारक एवं तर्कशील दार्शनिक श्री जी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह चौहान मेवाड़ एवं मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत सेवा मेडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया। इससे पूर्व विद्यालय प्रांगण में पधारने पर डॉक्टर लक्ष्यराज सिंह चौहान एवं मेजर जनरल अजित सिंह गहलौत का ढोल व नगाड़े की थाप पर पुष्प वर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्यराज सिंह चौहान ने कहा कि 21वीं सदी भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठापित करेगी जिसका रास्ता शिक्षा के मंदिरों से होकर ही निकलेगा। उन्होंने कहा कि आज सर्वाधिक युवा शक्ति भारत के पास है, जो इसे एक सशक्त, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।



उन्होंने महिला शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि एक शिक्षित महिला दो परिवारों को शिक्षित और स्वावलंबी बनाती है। प्रियंका स्कूल का नाम भी एक बेटी के नाम पर ही रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमें मोबाइल का गुलाम नहीं बनना है, इसका सदुपयोग करें। मोबाइल ने रिश्तों की आत्मीयता को प्रभावित किया है। आज बच्चों को फिर से दादा-दादी और नाना नानी के साथ बैठने की आवश्यकता है।

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि मैंने इस कार्यक्रम को एक त्यौहार मनाने के रूप में देखा। मैं श्री अशोक राणा जी और उनके सुपुत्र राणा प्रियंकर का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इस त्यौहार स्वरूप कार्यक्रम में आमंत्रित किया और यहां मैंने अपने पिता स्व. श्री जी हुजूर अरविंद सिंह मेवाड़ की जयंती को भी इतनी ही भव्यता से मनाया। इस स्कूल के विद्यार्थियों और यहां की जनता के अपार स्नेह को मैं मेवाड़ तक ले जाऊंगा।

कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत सेवा मेडल ने कहा कि आज मैं अपनी जन्मभूमि पर आकर गर्व की अनुभूति कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करके उसको प्राप्त करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों की प्रस्तुति से यह लग रहा है कि स्कूल के बच्चों, शिक्षिकाओं ने कड़ी मेहनत की है।

उत्तराखण्ड यूसीसी ड्राफ्टिंग कमेटी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की रणनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य मनु गौड़ ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों के लिये प्रेरणादायक विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में भारतीय क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सामाजिक सरोकारों के लिये सक्रिय अनिल सिंह गहलौत, राजस्थान विद्या पीठ विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलपति कर्नल डॉ. शिव सिंह सारंग देवोत, दिल्ली के वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील कुमार ने भी विचार व्यक्त किये।

## अतिथियों व अभिभावकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की

प्रियंका मॉडर्न स्कूल के निदेशक राणा प्रियंकर सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया और स्कूल के विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं क्षेत्र की जनता के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से प्रियंका मॉडर्न स्कूल विगत 40 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण एवं सार्थक शिक्षा पर कार्य कर रहा है। स्कूल के संरक्षक एवं शीर्ष मार्गदर्शक व धामपुर क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार राणा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रियंका मॉडर्न स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक शिक्षक तरवेज खान रहे। संचालन स्कूल डायरेक्टर राणा प्रियंकर सिंह ने किया। श्रीमती ज्योति राणा एवं प्लानिंग कोऑर्डिनेटर श्रीमती अदिति राणा का मार्गदर्शन रहा।

# विक्रम-टेम्पो महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल से भेंट की

## ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं की जानकारी दी



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून स्थित शासकीय आवास पर सुबोध उनियाल कैबिनेट मंत्री से एक प्रतिनिधि मंडल ने उत्तराखंड विक्रम टेंपो महासंघ के अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत के नेतृत्व में मुलाकात कर ज्ञापन दिया। अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत ने बताया कि ऋषिकेश के अंदर इलेक्ट्रिक बस के संचालन के संबंध में मंत्री से वार्ता के दौरान अपनी समस्याओ को उनके समक्ष रखा, मंत्री जी द्वारा समस्याओ को गंभीरता पूर्वक सुना एवं तत्काल संबंधित अधिकारी को फोन कर सभी जानकारी प्राप्त की एवं उचित कार्य करने को निर्देशित किया।

प्रतिनिधि मंडल ने वन एवं संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल को ज्ञापन भी प्रेषित किया विगत कुछ दिनों पूर्व उत्तराखंड शहरी विकास एजेंसी द्वारा 27 इ-बसों की खरीद एवं ऋषिकेश शहर मे चलाने की सहमति प्रदान की थी जिसके विरोध मे स्थानीय परिवहन व्यवसायियों ने विरोध जताया था इसी परिपेक्ष में प्रतिनिधि मंडल ने अवगत कराया कि शहर के अंदर पहले से ही 3500 के करीब ई रिक्शा एवं 1800 के करीब विक्रम ऑटो का संचालन हो रहा है और इसी संख्या में हरिद्वार से रजिस्ट्रेशन हुए थ्री व्हीलर पैसेंजर भी इन्हीं रुटों पर चलते हैं जब शहर में पहले से ही लोकल परिवहन की सुविधा है तो इन बसों की यहां क्या आवश्यकता है। शहर के अंदर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। हमारी मुख्य मांगें हैं कि ऋषिकेश के अंदर इलेक्ट्रॉनिक बस का संचालन न हो और इलेक्ट्रॉनिक ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन बंद हो एवं विक्रम ऑटो की परमिट जारी न किया जाए।

इस अवसर पर विक्रम मलिक चालक संगठन मुनिकी रेती अध्यक्ष सुनील कुमार, विक्रम यूनियन अध्यक्ष पवन त्रिलोक भंडारी नेपाली फार्म विक्रम अध्यक्ष कमल राणा ऑटो यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र लंबा, टाटा सुमो अध्यक्ष हरीश रावत सचिव तिवारी कंडारी द्वारिका प्रसाद, कौर पाल, सोनू पांडे मौजूद थे।

# काश्तकारों को खेती और बागबानी के नये तरीकों की जानकारी दी

## ग्राविस ने कृषि गोष्ठी आयोजित की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर के लछमपुर में शनिवार को ग्राविस संस्था की ओर से आयोजित गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने काश्तकारों को बेहतर उत्पादन के लिए खेती और बागवानी के नए तरीकों की जानकारियां दी। काश्तकारों ने सूचना देने के बाद भी उद्यान और कृषि विभाग के अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर आक्रोश जताया।

गोष्ठी का उद्घाटन करते हुए पार्षद जेपी बहुखंडी ने कहा कि सरकार की ओर से खेती में आय बढ़ाने की बात तो की जाती है, लेकिन किसानों को बेहतर संसाधन के रूप में उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक उपलब्ध नहीं कराये जाते हैं। तत्पश्चात संस्था के कृषि विशेषज्ञों ने काश्तकारों को मृदा के पीएच आंकने, फलदार पेड़ों का ग्राफ्टिंग करने, कृषि विभाग की मदद से मृदा परीक्षण करवाने, कीटनाशक का प्रयोग करने, बागवानी करने, स्वस्थ और अच्छी पैदावार के लिए उन्नत किस्मों के बीज और पौध का चुनाव करने, रासायनिक खाद के प्रयोग में सावधानियां बरतने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मौके पर काश्तकारों ने संस्था के माध्यम से भाबर क्षेत्र में उद्यान विभाग का कार्यालय खुलवाने की मांग की। इस अवसर पर संस्था के परियोजना समन्वयक रोशनलाल, गौरव जोशी, जगदंबा प्रसाद उनियाल, मधुसूदन नेगी, मनीष भट्ट, नीलम, हिमेंद्र सिंह राणा, चंद्रपाल कंडारी, राजेंद्र प्रसाद और भास्कर काला आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के जिला मोर्चा अध्यक्ष किये मनोनीत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति और सभी प्रदेश मोर्चा अध्यक्षों से विचार विमर्श के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कोटद्वार जिले के मोर्चा अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। शनिवार को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि शांता बमराड़ा को युवा मोर्चा, शशिबाला केष्टवाल को महिला मोर्चा, गोविंद सिंह बिष्ट को किसान मोर्चा, डॉ. सुरेंद्र सैनी को अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा व सुनीता देवी को अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्होंने सभी नव नियुक्त मोर्चा अध्यक्षों से पार्टी व संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया है।

# ग्राम सभा प्रधानों व सदस्यों को दिया आधारभूत प्रशिक्षण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान 2025-26 के अंतर्गत रिखणीखाल ब्लाक के न्याय पंचायत धामधार के पंचायतघर कुमाल्डी में सोसाइटी फार इनवायरमेंट एंड डेवलपमेंट संस्था की ओर से नव निर्वाचित ग्राम सभा प्रधानों व सदस्यों को आधारभूत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के चौथे दिन शनिवार को संस्था के मास्टर ट्रेनर शांतिराज, हरेंद्र बलोधी व ज्योतिष चंदोला ने प्रशिक्षणार्थियों को सतत विकास के लक्ष्य, ग्राम पंचायतों के अभिलेख आडिट व पंचायत के आय के स्रोतों पर जानकारी दी। प्रशिक्षण में ग्राम सभा प्रधान कुमाल्डी, झर्त व कांडानाला सहित अन्य गांवों के ग्राम सभा प्रधानों व सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

# 26 से लगेगा रोटरी स्वर्ण जयंती नववर्ष मेला

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब की शनिवार को आयोजित बैठक में आगामी 26,27 व 28 दिसम्बर को विजय गार्डन, देवी रोड़ में आयोजित होने वाले रोटरी स्वर्ण जयन्ती नव वर्ष मेले की तैयारियो की चर्चा की गयी। रोटरी भवन नजीबाबाद रोड में आयोजित बैठक में क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने कहा मेले के दौरान फैंसी ड्रैस शो, रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता व सामूहिक लोकनृत्य प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। साथ ही खान-पान, मनोरंजन स्टाल, विभिन्न कम्पनियो के स्टाल व हैण्डी क्राफ्ट के स्टाल भी लगाये जायेंगे। मौके पर अभय रावत को मेला संयोजक, अनीत चावला को मेला सलाहकार व धनेश अग्रवाल को मेला कोषाध्यक्ष बनाया गया, वहीं स्टालो की जिम्मेदारी अनीत चावला को दी गयी। इस दौरान क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# साहित्यांचल ने मनाई स्व. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल की 125वीं जयंती

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** साहित्यिक संस्था साहित्यांचल की ओर से हिंदी के प्रथम डी. लिट स्व. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल की 125वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की।

गोविंद नगर स्थित संस्था कार्यालय में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का आरंभ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर शोध करने वाले डॉ. गणेशमणि त्रिपाठी ने कहा कि स्व. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल का जन्म एक कर्मकांडी ब्राह्मण के परिवार में हुआ था। नौ-दस वर्ष की अवस्था में ही उनके सिर से पिता का साया उठ गया था। बचपन से ही हिंदी व संस्कृत में रूचि होने के कारण वे कविताएं लिखने लगे थे। कहा कि ब्रिटिश काल में जब हिंदी महत्वहीन थी, उस समय शोध करना व डी लिट की उपाधि प्राप्त करना उनकी विलक्षण प्रतिभा का नमूना है। कहा कि उनका जीवन काल संक्षिप्त न होता तो वे न जाने कितनी कालजयी रचनाओं का सृजन कर गये होते। डॉ. गणेशमणि त्रिपाठी के साथ ही ललन बुड़ाकोटी, पीसी नवानी, सीपी नैथानी व आरपी पंत ने भी उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शशिभूषण अमोली, दिनेश त्रिपाठी, कौशल्या जखमोला, डॉ. बीना वशिष्ठ और मीना डबराल सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# भागवत कथा से समाज में सद्भाव एवं संस्कार को बढ़ावा मिलता है : डॉ. प्रेमचंद

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने वीरभद्र मार्ग स्थित हनुमान मंदिर लाल द्वारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचकर कथा का श्रवण किया। उन्होंने व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक आचार्य नारायण दास जी से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भागवत कथा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा समाज में धार्मिक चेतना जागृत करने के साथ-साथ सद्भाव, संस्कार और सकारात्मकता को बढ़ावा देती है। उन्होंने आयोजकों एवं श्रद्धालुओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर महंत छोटन दास, संजीव दास, धर्मेंद्र सिंह, राकेश दास, मोहनदास सहित अनेक श्रद्धालु एवं स्थानीय गणमान्य उपस्थित रहे।



चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

# महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह का स्वागत हुआ जोरदार

**बिजनौर ( चिंगारी )। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के वंशज श्रीजी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का शनिवार को बिजनौर जनपद में कई स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान डॉ. लक्ष्यराज सिंह को पगड़ी बांधी गई तथा तलवार भेंट की गई।**

दिल्ली से चल कर बिजनौर की सीमा में प्रवेश करने पर ग्राम फीना में वहां की क्षत्रीय राजपूतों एवं अन्य ग्रामीणों ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मेरा गांव मेरा अभिमान के अंतर्गत श्री जी हुजूर के स्वागत में ग्रामवासियों ने पलक पांवड़े बिछा दिये। इस अवसर पर ग्रामवासियों की ओर से पगड़ी पहनाकर तलवार भेंट की गई।

विधायक अशोक राणा के ठाठजट स्थित आवास पर श्रीजी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का भव्य स्वागत किया गया। राणा परिवार के साथ-साथ कई संस्थाओं की ओर से डॉ. लक्ष्यराज सिंह को सम्मानित किया गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सतवंत सिंह सलूजा, मंडल अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी, नगर अध्यक्ष एसपी सलूजा के अलावा शिवेन्द्र अग्रवाल, नवीन गुप्ता, सलमान फरीदी, सोहेल डिजाइनर, रविन्द्र सिंह सिडाना, अमित गुप्ता, पवन सलूजा आदि व्यापारियों ने ठाठजट में श्री अशोक राणा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मेवाड़ के 77वें सनरक्षक एवं महाराणा प्रताप के वंशज कुंवर लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को सम्मानित किया गया।

विधायक अशोक राणा की गरिमामयी उपस्थिति में धामपुर गन्ना विकास समिति के चेयरमैन मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह के नेतृत्व में समिति के संचालक मंडल के सभी सदस्यों ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का स्वागत एवं सम्मान पगड़ी व पटका पहनाकर तथा क्षत्रियों की आन, बान, शान तलवार भेंट कर किया। कार्यक्रम गौरव एवं सम्मान से परिपूर्ण रहा। कई अन्य संस्थाओं की ओर से भी डॉ. लक्ष्यराज सिंह का अभिनंदन किया गया।



रामवीर सिंह के नेतृत्व में डा. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का स्वागत करते हुए धामपुर गन्ना समिति के संचालकगण।

# एसडीएम ने किया निरीक्षण



**बिजनौर ( चिंगारी )। आज थाना मंडावर में उपजिलाधिकारी सदर रीतू रानी द्वारा थाना समाधान दिवस के प्रार्थना-पत्रों व भूमि विवाद संबंधी मामलों का निरीक्षण किया गया, साथ ही क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो व थाना प्रभारी को समय से निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में शांति व्यवस्था हेतु पुलिस बल के साथ पैदल मार्च भी किया गया। मौके पर थाना प्रभारी सुमित राठी आदि उपस्थित रहे। उपजिलाधिकारी सदर रीतू रानी द्वारा रैन बसेरा/आश्रय स्थल, नगर पंचायत मंडावर व कान्हा गौवंश आश्रय स्थल का भी औचक निरीक्षण किया गया। गौशाला में 80 पशु संरक्षित पाये गये। भूसा आदि की व्यवस्था ठीक पाई गई।**

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt
Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

# सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था ने गरीबों को कंबल बांटे

## अतिथियों एवं कई प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था सीरवासुचंद/कासमपुर गढ़ी द्वारा आसफाबाद चमन स्थित राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज में आज गरीबों की सहायतार्थ कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के संरक्षक सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर ठाकुर रामवीर सिंह की अध्यक्षता एवं शिक्षक दुष्यंत कुमार सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह मुख्य अतिथि एवं थानाध्यक्ष अफजलगढ़ रामप्रताप सिंह व शुगर मिल अफजलगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) उमेश कुमार सिंह 'बिषेन' बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करने उपरांत प्रोग्राम में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर शॉल ओढ़ाकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात प्रोग्राम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संस्था द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर इसी कॉलेज की प्रधानाचार्या संध्या शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार, राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज की हाईस्कूल कक्षा 2025 की कॉलेज टॉपर छात्रा कु. अर्चना एवं कासमपुर गढ़ी निवासी पत्रकार एसएम असलम के पुत्र ताइक्वांडो स्टेट लेवल पर सिल्वर मेडल विजेता एवं नेशनल लेवल चैंपियनशिप के प्रतिभागी एसएम जैद को उपस्थित मंचासीन अतिथियों द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ. तेजपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधान संघ के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पूरन सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप चौहान, देवेश कुमार, वीर सिंह, अरुण कुमार, अमित कुमार, नेत्रपाल सिंह, सत्यवीर सिंह, बलबीर सिंह, नीरज कुमार आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।





# दिगम्बर सिंह को सौंपे 21 हजार पोस्टकार्ड

**किरतपुर ( चिंगारी )। गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से जोड़ने, नजीबाबाद शुगर मिल की क्षमता वृद्धि, नगीना में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना सहित विभिन्न जनहितकारी मांगों के समर्थन में चलाया जा रहा पोस्टकार्ड अभियान जनआंदोलन का रूप ले चुका है। इस अभियान ने जनपदवासियों में नई ऊर्जा का संचार किया है और बिजनौर के कोने-कोने से बड़ी संख्या में लोग मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ को पोस्टकार्ड लिखकर अपने जनपद के विकास की आवाज बुलंद कर रहे हैं।**

इसी क्रम में शनिवार को ब्लॉक किरतपुर के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के आवास पर किरतपुर ब्लॉक के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने गांवों से लिखवाये गए पोस्टकार्ड एकत्र किए गए। इसके उपरांत ग्राम शाहपुर सुखखा स्थित अरविंद कुमार के आवास पर चौधरी दिगंबर सिंह को किरतपुर ब्लॉक की टीम द्वारा गांव-गांव से लिखवाए गए 21,000 पोस्टकार्ड माननीय मुख्यमंत्री को प्रेषित करने हेतु सौंपे गए। गौरतलब है कि अब तक इस पोस्टकार्ड अभियान के अंतर्गत जनपद बिजनौर से लगभग ढाई लाख पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री को भेजे जा चुके हैं, जो जनपदवासियों की जागरूकता और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पोस्टकार्ड अभियान के पश्चात बिजनौर के विकास से जुड़ी मांगों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से भी आंदोलन को तेज करने की तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर चौधरी दिगंबर सिंह ने किरतपुर ब्लॉक की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं की जागरूकता और मेहनत के कारण आज लाखों लोग बिजनौर के विकास की इन मांगों से जुड़े हैं। पोस्टकार्ड सौंपने वालों में प्रमुख रूप से दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह, अध्यक्ष मुकुल कुमार, हितेश कुमार, पदम राणा, नीतू चौधरी, विनोद कुमार, यशवंत सिंह, श्यामलाल सिंह, राजीव कुमार, अजमाईन प्रधान, देवेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, देशराज सिंह उर्फ भोले, शैलेंद्र, मनोज कुमार राजपूत आदि रहे।

## नवोदय विद्यालय के लिए हुई परीक्षा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु नगर में दो स्थानों पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। 614 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 194 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। रविवार को नगर के हिन्दू इंटर कालेज में आयोजित परीक्षा में कुल 432 छात्रों में से 327 छात्रों ने परीक्षा दी, जबकि 105 छात्र अनुपस्थित रहे। विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित परीक्षा में कुल 376 छात्रों में से 287 छात्र उपस्थित रहे, जबकि 89 छात्र अनुपस्थित रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## सड़क दुर्घटनाओं में पिता-पुत्री सहित चार घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्री सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से तीन लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया।

शनिवार की देर सायं को ग्राम नवादा चौहान निवासी विशाल कश्यप (24 वर्ष) पुत्र भूदेव सिंह नहटौर स्थित स्पेयर पार्टस की दुकान से अपने घर जा रहा था,जब वह शादीपुर रोड स्थित ग्राम रुगड़ी के पास पहुंचा तो बाइक सवार मंडावर के गांव बुड़गरा निवासी हितेश चौहान (24) पुत्र गोविंद सिंह की बाइक से उसकी साइकिल से भिड़ंत हो गयी, जिसमें दोनों घायल हो गये। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी से दोनों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। इसके अलावा बाइक द्वारा अपनी बेटी रुख्सार (25 वर्ष) को लेकर घर जा रहे ग्राम कुंडा बलदाना निवासी मुख्तार (50) पुत्र मकसूद को नगीना रोड पर गांव तरकौली के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को साइड मार दी, जिससे पिता-पुत्री घायल हो गए। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

## वण्डर गर्ल जाह्नवी पंवार ने चिल्ड्रन एकेडमी के बच्चों को सकारात्मक प्ररणा दी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हरियाणा के समालखा निवासी वंडर गर्ल जाह्नवी पंवार ने सकारात्मक ऊर्जा वाले विचारों से छात्रों के जीवन में सफलता के लिए कई प्रेरक प्रसंग सुनाकर ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास और लक्ष्य निर्धारण पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिससे बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। उन्होंने बच्चों को सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, और अध्ययन में निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर छात्रों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने जाह्नवी पंवार एवं उनके अभिभावकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जगेन्द्रदत्त शर्मा, मनोज चौहान, भगीरथ सिंह, गौरव गोयल, प्रज्ञा गोयल आदि समस्त स्टाफ व छात्र मौजूद रहे।




चिल्ड्रन्स एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।



## अखिलेश यादव से मिले आसिफ



**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मो. आसिफ ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर उनको बिजनौर जनपद में एसआईआर फॉर्म भरे जाने के सम्बन्ध में चर्चा की। श्री यादव ने सभी कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए उनसे पार्टी को मजबूत बनाने तथा सभी लोगों के एसआईआर फॉर्म भरवाने को कहा। श्री यादव ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे सभी लोगों के एसआईआर फॉर्म भरवायें, कोई भी व्यक्ति फार्म भरने से नहीं रहना चाहिए।

## डीएम ने किया अलाव और रैन बसेरे का निरीक्षण

**नहटौर ( चिंगारी )।** ठंड के चलते नगर पालिका परिषद द्वारा जलाये जा रहे अलाव और बनाये गये रैन बसेरे का डीएम जसजीत कौर ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पालिका प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शनिवार की देर शाम जिलाधिकारी जसजीत कौर ने हल्दौर चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड, पीर की चुंगी, एजेंसी चौराहा पर अलावों का निरीक्षण किया। अलाव जलते हुए मिले। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को अन्य स्थानों पर भी जगह को चिन्हित करके ठंड को दृष्टि कर रखते हुए अलाव जलाने के निर्देश दिये। उन्होंने रैन बसेरा में भी अलाव जलाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह, हलका लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, पालिका में विशेष कुमार, रमेश शर्मा, अतुल कुमार, कपिल शर्मा, गजेंद्र कुमार, सलीम अहमद, अकरम, गौरव त्यागी आदि मौजूद रहे।



## शादी के लिये सब्जी लेने जा रहे व्यक्ति की दुर्घटना में मौत




**नगीना ( चिंगारी )। सड़क दुर्घटना में ग्राम मदपुरी निवासी 40 वर्षीय जसवंत उर्फ जस्सू की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बढ़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम माधपुरी निवासी जसवंत उर्फ जस्सू शनिवार को बाइक से नगीना सब्जीमंडी से सब्जी लेने जा रहा था। नगीना में गोयल पब्लिक स्कूल के पास सामने जा रहे किसी वाहन से उसकी बाइक टकरा गई। इस घटना में जसवंत की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि रविवार को परिवार में एक विवाह कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसके लिए वह अन्य बाइक पर सवार रिश्तेदारों के साथ सब्जी लेने मंडी जा रहा था। जसवंत की मौत से खुशियों के घर में मातम छा गया।**

## फिल्म का लिंक खोलते ही 72 हजार का चूना लगा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला हज़रत नगर निवासी युवक मेहताब अंसारी धामपुर चौक पर सेलून चलाता है। सोशल मीडिया पर फेसबुक चलाते समय उसके मोबाइल पर एक फ़िल्म का लिंक आया। उक्त फ़िल्म के लिंक को खोलते ही उसका मोबाइल फ़ोन हैक हो गया। इतने वह कुछ समझ पाता उसके बैंक खाते से साइबर फ़्रॉड ने 72 हज़ार रुपए उड़ा दिए। कुछ समय बाद जब उसका मोबाइल फ़ोन चला और उसने अपना बैंक अकाउंट चैक किया तो उसके पैरों के नीचे से ज़मीन खिसक गई। युवक ने घटना के सम्बंध में 1930 नम्बर पर शिकायत दर्ज कराई है। युवक ने थाना स्थित साइबर सेल से सम्पर्क किया तो बताया गया कि पुलिस कार्यवाही में जुटी है।

# सप्तशक्ति संगम का दूसरा कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर धामपुर में सप्तशक्ति संगम का द्वितीय कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। विद्या भारती द्वारा संचालित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर धामपुर में सप्तशक्ति संगम के दो कार्यक्रम निर्धारित किए गए थे। उक्त विद्यालय में पहला कार्यक्रम 22 नवंबर को तथा द्वितीय कार्यक्रम शनिवार, 13 दिसम्बर को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 223 माता और बहने उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर आदित्य अग्रवाल जी की पत्नी डॉक्टर मोनिका सिंह ने की। मुख्य अतिथि श्रीमती आभा प्रधानाचार्या सरस्वती बालिका विद्या मंदिर धामपुर तथा मुख्य वक्ता रूपांजलि व अपर्णा रही। मां शारदा की वंदना के पश्चात कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती सर्वेश द्वारा अतिथियों को पटका पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रूपांजलि ने कुटुंब प्रबोधन पर अपने विचार प्रस्तुत किये। स्थानीय आचार्या बहन ज्योति द्वारा महिलाओं को इस अवसर पर अच्छे कार्यों का संकल्प कराया गया। आचार्य निकेतन सिंह ने स्वयं सोफिया कुरैशी की वीरता की झलक लघु नाटक के माध्यम से प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता अपर्णा सिंह द्वारा नारी शक्ति के विषय को बड़े ही माध्यमिक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की आचार्या बहन प्रियंका, रेनू शर्मा, दीक्षा शर्मा आदि द्वारा सप्तशती संगम के गीत का गायन किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह द्वारा समस्त अतिथियों व माता और बहनों को विद्यालय आगमन एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती आभा जी द्वारा नारी शक्ति से संबंधित महत्वपूर्ण बातें प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन आचार्या बहन मोनिका सिंह एवं प्रतिभा सैनी द्वारा किया गया।

# भाजपा की राष्ट्रीय पार्षद बनीं पूर्व विधायक कमलेश सैनी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी को भाजपा की राष्ट्रीय परिषद का सदस्य नामित किया गया है। उनके मनोनयन से समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। आज सुबह जैसे ही पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी को राष्ट्रीय पार्षद बनाये जाने की खबर मिली, उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि कमलेश सैनी को राष्ट्रीय पार्षद बनाये जाने से भाजपा का जनाधार और बढ़ेगा। उधर, पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने उन्हें राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनाए जाने के लिए पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूर्ण निष्ठा के साथ संगठन के लिये काम करेंगी।

**समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर**

# सुअर पालन का प्रशिक्षण दिया



**हल्दौर ( चिंगारी )। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पर जनपद बिजनौर के बेरोजगार पुरुषों को सुअर पालन का 1 दिसंबर से 13 दिसंबर तक 13 दिवसीय प्रशिक्षण विधिवत दिया गया।**

प्रशिक्षण संपन्न होने पर आरसेटी के निदेशक मनीष कुमार गौतम द्वारा 35 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। ट्रेनिंग के दौरान सभी प्रतिभागियों को उद्यमी एवं सामाजिक सुरक्षा, बीमा, पेंशन, गेम्स, मार्केट, सर्वे प्रोजेक्ट रिपोर्ट बैंकिंग क्षेत्र की जानकारी दी गई। ट्रेनिंग में उन्हें सुअरों व पशुओं की विभिन्न बीमारियों तथा रखरखाव आदि के बारे में विस्तार से बताया, जिससे प्रतिभागियों को सूअरों के रखरखाव खान-पान की जानकारी से अवगत कराया गया, जिससे वह अपनी आजीविका चलाकर व्यवसाय व बिक्री के रूप में भी प्रयोग करके आजीविका अर्जन कर सकते हैं। ट्रेनिंग के दौरान उन्हें संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम ने सरकारी राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के तहत बैंक से लोन लेकर सरकार द्वारा 50 प्रतिशत सब्सिडी भी प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में आईसीटी स्टॉफ का सहयोग रहा।

# गुलदार ने झपट्टा मारा डर गया इलाका सारा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** इलाके में गुलदार का आतंक थम नहीं रहा। आये दिन गुलदार लोगों पर हमला कर देते हैं। ताजा मामला एक व्यापारी का है, जो दुकान बन्द कर मोटरसाइकिल से अपने गांव जा रहा था कि रास्ते में गुलदार ने झपट्टा मार दिया। गनीमत रही कि व्यापारी बाल-बाल बच गया। घटना से पूरे इलाके में भय व्याप्त हो गया। किसान व देर सबेर गांव आने जाने से लोग डरे हुये हैं। जानकारी के मुताबिक ग्राम पीपली निवासी विनीत तोमर की सरगम सिनेमा के निकट बिजली के सामान की दुकान है। विनीत तोमर शाम के समय दुकान बन्द कर मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे। गांव के नजदीक झाड़ी में बैठे गुलदार ने विनीत तोमर पर झपट्टा मार दिया। गनीमत रही कि पीछे से ट्रैक्टर आ गया, जिसकी आवाज से गुलदार खेत में घुस गया।



चिंगारी
खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

चिंगारी
के लिये नहटौर में समाचार और विज्ञापन के लिये संपर्क करें।
मोहित शर्मा
संवाददाता, मोबाइल नम्बर-
9012967455

# पंचायत चुनाव की फर्जी तिथियां वायरल होने से लोगों में भ्रम

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं पंचायत चुनाव की फर्जी तिथियों को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। काफी लोग वायरल हो रही फर्जी तिथियों को लेकर चर्चा करते देखे जा रहे हैं, जबकि सत्यता यह है कि पंचायत चुनाव की तिथियों की अभी कोई घोषणा नहीं हुई है। गांवों की सरकारों का वर्तमान कार्यकाल अंतिम चरण में है। प्रबल संभावना है कि अगले वर्ष मई माह में पंचायत चुनाव होंगे। काफी संभावित उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार शुरू भी कर दिया है। विशेषकर ग्राम प्रधान पद और जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवारों ने प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। गांवों में चुनावी गोटियां बिछने लगी हैं।




ग्रामीण चौपालों पर लोगों की संख्या बढ़ने लगी है। संभावित उम्मीदवार और जागरूक ग्रामीण चुनावी तिथियों और आरक्षण की स्थिति की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर यूपी पंचायत चुनावों की फर्जी तिथियां वायरल हो रही हैं। इन फर्जी तिथियों के वायरल होने से लोगों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो रही है। काफी लोग इन फर्जी तिथियों को लेकर चर्चा करते देखे जा रहे हैं।

# भाकियू का दूसरे दिन भी धरना जारी

## एक मुद्दा माफी मांग लेने के बाद समाप्त



**नहटौर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन टिकैत का विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक परिसर में चल रहा धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। सफाईकर्मी द्वारा लिखित माफी मांगने के बाद मुद्दा पूरी तरह से समाप्त हो गया। इसके अलावा अन्य समस्याओं को लेकर धरना जारी रहा।**

भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार से छुट्टा पशुओं को पकड़ने, कच्चे रास्ते को पक्का करने, बिजली, वन विभाग आदि से जुड़ी शिकायत के समाधान को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया था। जो शनिवार को भी जारी रहा। सफाई कर्मचारी के द्वारा अभद्र व्यवहार करने के मुद्दे में ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी की मध्यक्षता में संबंधित सफाई कर्मचारी द्वारा लिखित में माफीनामा देने पर मुद्दे को समाप्त कर दिया गया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता महेंद्र सिंह ने की तथा संचालन पुनीत तुषियार द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह जिला प्रवक्ता, कविराज सिंह, अरुण धनौरी, ब्रजपाल सिंह, अतेंद्र सिंह, विकास, पदम सिंह, मा. विजयपाल सिंह, जगत सिंह, संजीव कुमार, विपिन, सतवीर सिंह आदि उपस्थित रहे। युवा ब्लॉक अध्यक्ष पुनीत तुषियार ने बताया कि सफाई कर्मचारी के मुद्दे को समाप्त कर दिया है। उसके अलावा जो अन्य मुख्य मुद्दे थे, उनको लेकर धरना अनवरत जारी है।



## अनुष्का सेन अपने पहले एल्बम कैमेलियन के साथ पॉप कलाकार बनीं

लॉस एंजिल्स, भारतीय डिजिटल स्टार एवं अभिनेत्री अनुष्का सेन अपने पहले एकल, कैमेलियन के रिलीज़ के साथ अपनी रचनात्मकता का विस्तार कर रही हैं, जो संगीत में उनका पहला कदम है। अनुष्का इस पॉप ट्रैक के माध्यम से गायन के क्षेत्र में कदम रख रही है। इसका निर्माण केन लुईस ने किया है, जो दो बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता और आठ बार नामांकित हो चुके हैं और टेलर स्विफ्ट, केंड्रिक लैमर और कान्ये वेस्ट के साथ अपने काम के लिए जाने जाते हैं। अपने शानदार करियर के दौरान, लुईस 79 बिलबोर्ड नंबर 1 हिट गानों का हिस्सा रहे हैं।



## पुलकित सम्राट की फिल्म राहु केतु जनवरी 2026

मुंबई। बॉलीवुड स्टार पुलकित सम्राट की फिल्म राहु केतु जनवरी 2026 को रिलीज़ होगी। पुलकित सम्राट अपनी आगामी फिल्म राहु केतु के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं, जो अगले साल की शुरुआत में, जनवरी 2026 को रिलीज होगी। पुलकित अब राहु केतु के साथ एक नये अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं। यह फिल्म उन्हें एक पावर-पैक्ड, मास-अपीलिंग किरदार में पेश करेगी, जो उनके दर्शकों के दिलों में सीधा उतरने वाला है। विपुल विग द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण ज़ी स्टूडियोज़ और बीलाइव प्रोडक्शंस ने किया है। इस फिल्म में पुलकित के साथ महत्वपूर्ण भूमिका में वरुण शर्मा भी हैं। इनके साथ ही इस फिल्म में शालिनी पांडे भी नजर आएंगी।



## प्रियंका चोपड़ा ने आगामी फिल्म वाराणसी का टीजर किया

नयी दिल्ली। एसएस राजामौली की आगामी फिल्म वाराणसी का टीजर दर्शकों के बीच खूब धूम मचा रहा है। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर टीज़र का एक छोटा सा क्लिप साझा किया है, जिससे प्रशंसकों को राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म की एक क्षणिक लेकिन प्रभावशाली झलक मिलती है। इस फिल्म में महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में हैं। हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में ग्लोबट्रॉटर के नाम से आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान इस फिल्म के शीर्षक का आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। यही टीज़र को एक विशाल स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। इस फुटेज में प्रशंसकों को रुद्र के रूप में महेश बाबू की पहली झलक देखने को मिली, जिसमें उन्हें एक बैल की सवारी करते हुए खून से सने त्रिशूल को पकड़े हुए दिखाया गया है। प्रियंका चोपड़ा ने क्लिप साझा करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक झलक है, फिर भी बहुत कुछ है। इस कार्यक्रम में प्रियंका भी सुर्खियों में रहीं। वह एक शानदार लहंगा-साड़ी पहने हुए नज़र आईं, जिसके साथ एक नेकलेस, मांग टीका, ब्रेसलेट और कमर पर बेल्ट ने उन्हें और आकर्षक बना दिया। वाराणसी में प्रियंका चोपड़ा मंदाकिनी का किरदार निभाएंगी, जबकि पृथ्वीराज सुकुमारन कुंभा की भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म संक्रांति 2026 को रिलीज़ होने वाली है।

## सितार वादक अनुष्का शंकर 68वें ग्रैमी पुरस्कार में दो बार नामांकित



नयी दिल्ली। ग्यारह बार ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित सितारवादक अनुष्का शंकर ने अपने शानदार करियर में एक और सफलता हासिल करते हुए 68वें ग्रैमी पुरस्कार में दो बार नामांकन पाया है। 68वें ग्रैमी पुरस्कार में, उनके एकल डेब्रेक को सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रदर्शन के लिए नामांकित किया गया है, जबकि आलम खान और ड्रमर सारथी कोरबार के साथ मिलकर बनाए गए उनके एल्बम चैप्टर वी रिटर्न टू लाइट को सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम के लिए नामांकित किया गया है।






# मेसी ने रेवंत रेड्डी की टीम के साथ खेला प्रदर्शनी मैच

**हैदराबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत दौरे पर आए दिग्गज फुटबाल खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने शनिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की टीम के साथ प्रदर्शनी मैच खेला। यहां राजीव गांधी स्टेडियम में रेवंत रेड्डी-9 और मेसी ऑलस्टार्स के बीच प्रदर्शनी मैच खेला गया। इस दौरान वह करीब एक घंटे तक वहां रहे। लियोनल मेस्सी ने शो के आखिरी में हैदराबाद के वहां मौजूद दर्शकों का धन्यवाद भी दिया। उन्होंने ने स्टेडियम में मौजूद दर्शकों की ओर कुछ बॉल भी किक मारी और मैदान में काफी देर तक खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल भी खेला। उन्होंने प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिए खिलाड़ियों को ट्रॉफी भी दी और उनके साथ फोटो भी खिचवाई। इससे पहले म्यूजिकल नाइट के बाद लेजर शो हुआ। शो में मेसी और राहुल गांधी का चित्र बनाया।



# इशरानी बरुआ, उन्नति हुड्डा और किरण जॉर्ज ओडिशा मास्टर्स के फाइनल में




**कटक (एजेंसी/चिंगारी)।** इशरानी बरुआ, महिला एकल की टॉप सीड उन्नति हुड्डा और पुरुष एकल के दूसरे सीड किरण जॉर्ज ने कटक के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कड़े मुकाबले वाले सेमीफाइनल में जीत हासिल कर बैडमिंटन टूर्नामेंट ओडिशा मास्टर्स के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इशरानी बरुआ ने सेमीफाइनल में तान्या हेमंत को हराकर फाइनल में जगह बनाई। पहला गेम 18-21 से हारने के बाद, इशरानी ने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-7, 21-7 से जीतकर 54 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। अब वह फाइनल में टॉप सीड उन्नति हुड्डा से भिड़ेंगी। उन्नति ने तस्नीम मीर के खिलाफ सेमीफाइनल में शांत प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। तस्नीम, जिन्होंने पिछले राउंड में टॉप सीड खिलाड़ियों को हराकर शानदार प्रदर्शन किया था, ने पहला गेम 21-18 से जीता। हालांकि, उन्नति ने जोरदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-16, 21-16 से जीतकर 60 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। वहीं पुरुष एकल में, दूसरे सीड किरण जॉर्ज ने रौनक चौहान के खिलाफ ऑल-इंडियन सेमीफाइनल में जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। किरण ने पहला गेम 21-19 से जीता, लेकिन रौनक ने दूसरे गेम में 21-8 से आसान जीत हासिल कर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। किरण ने तीसरे गेम में धैर्य बनाए रखा और 21-18 से जीतकर 53 मिनट में फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला इंडोनेशिया के मुहम्मद यूसुफ से होगा।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका की नजर तीसरा टी-20 जीतकर बढ़त लेने पर

**धर्मशाला (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका आज यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में तीसरे अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में पांच मैचों की सीरीज में बढ़त लेने उतरेंगे। पहले मैच में भारत की शानदार जीत के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी-20 में जोरदार वापसी करते हुए बराबरी कर ली, जिससे इस खूबसूरत पहाड़ी मैदान पर एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जान लिया है, ऐसे में धर्मशाला मैच बाकी सीरीज का रुख तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत की बल्लेबाजी ने कुछ अच्छे संकेत दिखाए हैं, लेकिन शीर्ष क्रम में निरंतरता की कमी रही है। पहले दो मैचों में शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभालने में तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या का मिडिल ऑर्डर में योगदान महत्वपूर्ण रहा है। ओपनर अभिषेक शर्मा भारत की योजनाओं के केंद्र में बने हुए हैं, टीम पावरप्ले के दौरान तेज शुरुआत देने की उनकी क्षमता पर भरोसा कर रही है।

# पर्थ स्कॉर्चर्स को हराकर होबार्ट हरिकेंस महिला ने जीता डब्ल्यूबीबीएल का पहला खिताब

**होबार्ट (एजेंसी/चिंगारी)।** लिजेल ली (नाबाद 77) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर होबार्ट हरिकेंस महिला टीम ने शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में पर्थ स्कॉर्चर्स महिला को 30 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर वूमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 का पहला खिताब अपने नाम किया। बैलेरीव ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी पर्थ स्कॉर्चर्स ने निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 137 रन बनाए। केटी मैक ने बेथ मूनी के साथ 5.4 ओवरों में 36 रन जुटाए। कैटी 21 गेंदों में 17 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। इसके बाद बेथ मूनी ने मैडी डार्क के साथ दूसरे विकेट के लिए 12 रन जोड़े। कप्तान सोफी डिवाइन ने 29 गेंदों में (34), बेथ मूनी ने 26 गेंदों में (33) तथा फ्रेया केम्प ने 10 रन बनाये। पी स्कोफील्ड ने 22 गेंदों में नाबाद 27 रनों की पारी खेली।



# बंगलादेश अंडर-19 टीम ने अफगानिस्तान को तीन विकेट से हराया

**दुबई (एजेंसी/चिंगारी)।** सलामी बल्लेबाज जवाद अबरार (96) और रिफत बेग (62) की शतकीय साझेदारी की बदौलत बंगलादेश ने शनिवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में अफगानिस्तान को सात गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। 284 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश के लिए सलामी बल्लेबाज जवाद अबरार और रिफत बेग ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। पहले विकेट के रूप में रिफत बेग 68 गेंदों में 62 रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद शतक की ओर बढ़ रहे जवाद अबरार को 112 गेंदों में नौ चौके और छह छक्के उड़ाते हुए 96 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। दोनों सलामी बल्लेबाजों को रूहुल्लाह अरब ने आउट किया। कप्तान अजीजुल हकीम (44) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद अफगानिस्तानी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार बंगलादेश को संकट में डाल दिया था। कलाम सिद्दीकी (29) बनाकर आउट हुये तथा एमडी अब्दुल्ला (दो), समीउन बसीर (एक) को रनआउट हुये। शेख परवेज जीबोन (13) के रूप में सातवां विकेट गिरा। रिजान होसैन 17 रन बनाकर नाबाद रहे। 49वें ओवर की पांचवीं गेंद पर शहरयार अहमद ने विजयी रन बनाया। अफगानिस्तान के लिए खातिर स्तानिकजई, रूहुल्लाह अरब को दो-दो विकेट मिले।




# भारत ने एशियाई युवा पैरा गेम्स में जीते 18 पदक

**दुबई (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय पैरा एथलीटक दल ने एशियाई युवा पैरा गेम्स दुबई 2025 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 18 पदक जीतकर शनिवार को अपने अभियान का समापन किया। दुबई में 10 से 13 दिसंबर तक चले इस टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में भारत ने आठ स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य पदक जीते।

2025 एशियाई युवा पैरा गेम्स में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तैराकी, ताइक्वांडो, बोकिया, गोलबॉल, टेबल टेनिस, पावरलिफ्टिंग, व्हीलचेयर बास्केटबॉल और आमरेसलिंग सहित 11 खेल शामिल थे।

इनमें से आठ खेलों में भारतीय एथलीटों ने भाग लिया। जतिन आजाद और शिवम यादव एमडी- एसयू 5, जतिन आजाद एमएस एसयू- 5, शिवम यादव और तुलिका जाधव एक्सडी - एसयू 5 और एसएल 3, हर्षित चौधरी और कार्तिक सुहाग एमस - एसएल 4 - एसएल 3, शांतिया विश्वनाथन डब्लयूएस -एसयू-5 में, प्रेमचंद पोटनुरु एमएस- एसएच 6,. नित्या श्री सुमति सिवन, कार्तिक सुहाग एमएस-एसएल 3 में स्वर्ण पदक जीते।

वहीं अभिजीत सखूजा और विजेंद्र एमडी एसएल 4 - एसएल 3में, विजेंद्र एमएस- एसएल 3 में और अभिजीत सखूजा एमएस - एसएल 4 में, तुलिका जाधव डब्ल्यू एस एसएल 3 में रजत पदक जीते। हर्षित चौधरी एमएस एसएल-4, शिवम यादव एमएस एसयू-5, शिवांगी पांडे डब्ल्यूएस एसएल-4, जतिन आजाद और समायरा कंवर एक्सडी एसयू 5- एसएल 3, मनीषा पटेल डब्ल्यूएस एसच 6, नित्या श्री सुमति सिवन और मनीषा पटेल डब्ल्यू डी - एसएच 6 में कांस्य पदक जीते।





रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

## बिकाऊ है

अद्रिका प्लाजा किरतपुर रोड ऑपोजिट इंडियन पेट्रोल पंप बिजनौर में टंबल ड्राई लॉन्ड्री ड्राईक्लीन फ्रेंचाइजी बिकाऊ है।

मो. 9971979887






## आवश्यक सूचना

कस्बा बरुकी के मुख्य बाजार में महिला चिकित्सक के लिये प्रैक्टिस करने हेतु एक क्लीनिक खाली है। इच्छुक महिला चिकित्सक सम्पर्क करें-

मो. 9411224698


# संसद पर हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** संसद पर वर्ष 2001 में किये गये आतंकवादी हमले की 24वीं बरसी पर शनिवार को यहां देश के शीर्ष नेतृत्व ने इस हमले का मुकाबला करते हुए प्राण न्यौछावर करने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संकल्प लिया। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन परिसर में शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, अनेक केन्द्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


## प्लॉट बिकाऊ है

बिजनौर-हरिद्वार रोड पर कस्बा चंदक में साप्ताहिक बुध बाजार के निकट ऑन रोड 540 गज का प्लॉट बिकाऊ है। प्लॉट शोरूम/शॉपिंग मार्केट बनाने हेतु उपयुक्त है।

इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें-

मो. 9639919509, 9759593153, 9411016000





खुल गया! खुल गया!

## श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




## सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476






Bachpan Play School, Bijnor UP

BACHPAN

# WE'RE HIRING

JOIN OUR TEAM

WE ARE LOOKING ONLY FOR FEMALE CANDIDATES:

COUNSELLOR / TEACHERS

- GRADUATION DEGREE
- MINIMUM 6 MONTHS OF EXPERIENCE IN PRE-SCHOOL
- GOOD COMMUNICATTION SKILLS

MAID/HELPER

Submit your resume by : 31th December 2025

SEND YOUR RESUME/CV TO:

7455025144

chandpur3678@bachpanglobal.com

Shree DayaRam Traders,

Near Kohinoor Banquet Hall, Chandpur road, BIJNOR UP


# केरल निकाय चुनाव: तिरुवनंतपुरम में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी/चिंगारी)।** केरल की राजनीति में बड़ा राजनीतिक भूचाल देखने को मिला है। स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (LDF) से सत्ता छीन ली है। यह वही निगम है, जिस पर LDF पिछले चार दशकों से अधिक समय तक लगातार काबिज रहा था। राजधानी में यह सत्ता परिवर्तन वाम मोर्चे के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। तिरुवनंतपुरम न सिर्फ केरल की प्रशासनिक राजधानी है, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी बेहद अहम क्षेत्र माना जाता है। इसी लोकसभा सीट से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर लगातार चार बार सांसद चुने जा चुके हैं, जिससे यह क्षेत्र लंबे समय से कांग्रेस और वाम मोर्चे के प्रभाव वाला माना जाता रहा है। ऐसे में नगर निगम में बीजेपी की जीत ने राज्य की राजनीति में नये समीकरणों को जन्म दे दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह जीत विधानसभा चुनावों में 2-3 सीटें जीतने से कहीं ज्यादा असरदार है। नगर निगम जैसे बड़े शहरी निकाय में सत्ता हासिल करना यह संकेत देता है कि शहरी मतदाता पारंपरिक राजनीतिक ध्रुवीकरण से हटकर विकल्प तलाश रहा है। यह बदलाव खास तौर पर उस राज्य में महत्वपूर्ण है, जहां अब तक मुकाबला मुख्य रूप से LDF और UDF के बीच ही सीमित रहा है।


## ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

## इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

ATHER ELECTRIC DECEMBER

You can wait or YOU CAN SAVE ₹ 20 000*

₹10 000 On Credit Card | ₹10 000 Cash benefits



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

**सेल्स एग्जीक्यूटिव** Male & Female

**मैकेनिक** Male

E&periance Minimum 1 Years

(समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक)

# Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911